फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -55, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 15

## गृह विभाग के भी प्रमुख बने दीपक कुमार



- दीपक कुमार के बाहर होने से नहीं सौंपा जा सका कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार अब गृह विभाग की बागडोर भी संभालेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों के पैनल में से उनके नाम पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने मंगलवार आपरान्ह पांच बजे तक कार्यभार संभालने की रिपोर्ट मांगी थी, मगर दीपक कुमार दो दिन से बाहर होने के कारण अब उनके आते ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को ही चुनावी आचार संहिता के तहत उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही चुनाव आयोग को अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल भेजा।

निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश देते हुए मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी। आदेश के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को निर्देश जारी किया। इसके बाद नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

### पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

## पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।




# सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र सरकार को नोटिस

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को केंद्र ने मांगे 4 सप्ताह

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कहा कि अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।



### ..तो अपरिवर्तनीय हो जाएगी पूरी प्रक्रिया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि ' 'मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं।

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

### एक नजर

#### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं।

#### कार से पांच किग्रा अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को कार से पांच किलोग्राम अफीम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से संबंधित मामला

## मानहानि नोटिस का जवाब नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर रखें अपना पक्ष

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। इस पर उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कड़ी आपत्ति जताई।

पीठ ने रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर 29 फरवरी को सुनवाई करते हुए संबंधित कंपनी और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा था कि पूरे देश को धोखा दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र सरकार को विज्ञापन मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई थी और कहा था कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्रवाई मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

## पहले चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रदेश के 8 सीटों पर होगा नामांकन 19 अप्रैल को होगा मतदान

**अमृत विचार:** प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर 20 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनु जाति), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण की 8 लोकसभा सीटों में 7 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जायेगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की 4 जून को मतगणना की जायेगी।

### 1.43 करोड़ मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

प्रथम चरण की आठ सीटों पर में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पु पुरुष, 67.14 लाख महिला व 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र व 14842 मतदेय स्थल हैं।

## बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 की मौत

**कन्नौज।** छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई।

## बदायूं में युवक ने की दो भाइयों की हत्या, बवाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 और छह साल के हैं दोनों भाई, घटनास्थल पर ही रुका रहा हत्यारोपी, पुलिस ने पकड़ा
- गुस्साई भीड़ ने खोखों में लगाई आग, पुलिस से धक्का-मुक्की, नारेबाजी

> एक व्यक्ति द्वारा दो बच्चों की उनके घर में घुसकर गला काटकर हत्या कर दी गई। अभी हत्या के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है। आक्रोशित भीड़ ने खोखों में आग लगाई थी। उन्हें समझा दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।
>
> -मनोज कुमार, डीएम

**अमृत विचार :** नाई की दुकान करने वाले युवक ने घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग आया। हत्या करने के बाद वह वहीं खड़ा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दो बच्चों की हत्या से गुस्साये लोगों ने मंडी चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। खोखों में आग लगा दी, पथराव किया। डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। केंद्रीय पुलिस बल और पुलिस ने स्थिति संभाली। हत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला जावेद उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह छत पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह वहीं खड़ा रहा। परिजनों ने दरवाजा बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार करके ले गई।

लोगों को दो बच्चों की हत्या की जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ मंडी चौकी पहुंची। गाड़ियों पर पेट्रोल डालने की कोशिश की। पुलिस ने पेट्रोल की केन छीन लीं और शांत करने का प्रयास किया। भीड़ मंडी चौराहे से हटकर हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और धक्का-मुक्की की। इसके बाद मंडी चौराहा और आवास विकास के आसपास खोखों में आग लगा दी। केंद्रीय पुलिस बल ने स्थिति संभाली। उधर परिजन घर से शव नहीं उठाने दे रहे थे। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने समझाया। तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को पुनः नोटिस भेजने का आदेश

जातीय रैलियों का मामला

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नई नोटिस भेजने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पाया कि 11 नवंबर 2022 के आदेश के अनुपालन में भेजी गई नोटिस इन राजनीतिक दलों को प्राप्त नहीं हो सकी लिहाजा नई नोटिसें भेजी जाएं।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। वहीं सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफ़नामा दाखिल कर दिया है। हालांकि न्यायालय के रिकॉर्ड पर उक्त हलफ़नामा नहीं पाया गया। इस पर न्यायालय ने आयोग को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का अंतिम अवसर देते हुए, मामले की अग्रिम सुनवाए एके लिए 10 अप्रैल की तिथि तय की है। याची के अनुसार न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइंस बनाने का आदेश दिया था।

### महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

## एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने को इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी। राज ठाकरे की ओर से उत्तर भारतीयों को लेकर अतीत में दिए गए विवादित बयानों की भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। महायुति में सत्तारूढ़ भाजपा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

### राज ठाकरे-शाह की मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

## वाणिज्य कर के उपायुक्त घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सतर्कता अधिष्ठान ने की कार्रवाई, दो लाख मांगे थे

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान ने वाणिज्य कर उपायुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी की शिकायत पर की गई। जीएसटी में संसोधन कर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त पर दो लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप था।

अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्पोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कम्पनी के जीएसटी रिफण्ड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की, कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी कंपनी आर्डेम डेटा सर्विसेज प्रालि कई वर्षों से अमेरिका की कम्पनी से उपलब्ध कराए गए स्कैन्ड डाटा शीट्स को एक डैशबोर्ड में डिजिटल फार्म में तैयार कर वापस भेजती है। उक्त कार्य के लिए कंपनी ने जीएसटी में 20 लाख रिफण्ड क्लेम किया था।

## एक नजर

### सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव और सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# 1.16 अरब भुगतान, किसानों की संख्या का पता नहीं

## कृषि निदेशालय ने खरीफ फसलों की क्षतिपूर्ति की मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सख्ती के बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। इस वजह से योजना में पारदर्शिता नहीं आ रही है।

कंपनियों ने अधिकांश जिलों में बीमित खरीफ (2023-24) फसल धान, तिल, मक्का, बाजरा, उड़द, ज्वार आदि का 1.16 अरब रुपये किसानों को भुगतान किया है। यह क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान आकलन कर दी गई है। लेकिन, क्षतिपूर्ति कितने किसानों को मिली उनकी संख्या योजना के संबंधित कृषि विभाग को नहीं दी है। इससे विभाग के लिए यह बताना मुश्किल है कि कितने जिलों में कितने किसानों को कितना भुगतान हुआ।



**▸▸ कंपनियों ने किसान व सरकार से लिया था 600.95 करोड़ प्रीमियम**

हवाला यह भी कंपनियों द्वारा दिया गया कि दूसरे चरण में और भुगतान करेंगे। हालांकि कृषि निदेशालय ने कंपनियों से नुकसान, क्लेम और पहले व बाद में किए जाने भुगतान की विधिवत रिपोर्ट मांगी है। उप निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले भुगतान किया गया है। इसकी कंपनियों से रिपोर्ट मांगी है।

**रबी की कटाई में खरीफ का क्लेम :** खरीफ 2023-24 की फसलें अप्रैल से जुलाई तक बीमित की गईं थीं और कटाई नवंबर से दिसंबर तक हुई थी। कटाई के दौरान क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया था। जिसका भुगतान इस रबी फसल की कटाई के दौरान किया गया है। भुगतान में भी देरी हुई।

**खरीफ फसल 2023-24 में बीमा की स्थिति**

| | |
|---|---|
| ▸▸ किसान | 23.54 लाख |
| ▸▸ बीमित क्षेत्रफल | 16.09 लाख हेक्टेयर |
| ▸▸ बीमित राशि | 9056.64 करोड़ |
| ▸▸ कृषक प्रीमियम | 181.13 करोड़ |
| ▸▸ राज्य अनुदान | 209.91 करोड़ |
| ▸▸ केंद्र अनुदान | 209.91 करोड़ |
| ▸▸ कुल प्रीमियम | 600.95 करोड़ |



मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नया कार्य

## आचार संहिता : केंद्र व राज्य की सरकारों को गाइड लाइन पर कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।

**▸▸ चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराता है चुनाव आयोग**

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है। गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

### वादा करने की अनुमति नहीं

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

### अब ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

## पदोन्नति और वेतनमान को लेकर भेदभाव का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस के पदोन्नति और वेतनमान बढ़ाने में भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। इसे लेकर मांगी गई एक सूचना के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया है।

विमल कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता हाईकोर्ट) ने आरटीआई के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से सूचना मांगी है। सूचना में 1998 में आरक्षी भर्ती, 2008 में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस परीक्षा हुई थी। 2015 में सभी को एक साथ स्टार लगाया गया और सभी कार्मिक एक ही जनपद में नियुक्त भी रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दिसंबर 2016 में नागरिक पुलिस मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और 4200 का ग्रेड पे दे दिया। जबकि उसी जनपद में नियुक्त सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को न तो पदोन्नति दी गई और न ही ग्रेड पे। वकील अधिक्ता विमल के मुताबिक 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 बनाई गई थी। जिसके अनुसार पुलिस एक्ट धारा-2 के अंतर्गत भर्ती सभी सदस्य नियमावली के सदस्य माने गए हैं। फिर भी पीएसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में एक उच्च अधिकारी की भूमिका रही है।

# बाजार में ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ अखिलेश यादव ने समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को किया संबोधित**

**▸▸ सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा की विवरण पुस्तिका का किया विमोचन**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक में अखिलेश यादव ने दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। इस दौरान सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा के मुख्य प्रस्ताव और सपा सरकार में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया तथा सदस्यता प्रमाण पत्र दिए।

बैठक में मुख्यरूप से अजय सूद, वोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, यासिर सिद्दीकी, हरदीप सिंह राखड़ा, अजय चौरसिया, रामेश्वर दयाल गुप्त आदि की मौजूदगी रही।

## मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कहना है कि वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव ने मैनपुरी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, इस पर आयोग ने संबंधित अफसरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

## रानी लक्ष्मी बाई योजना के तीन और आवेदन निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत आए तीन और आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। आठ पीड़ितों ने आवेदन किया था मगर कोई आवेदन मानकों के अनुरूप नहीं मिला। रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत एसिड अटैक, पॉक्सो, योन शोषण, दहेज हत्या, दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य मामलों में पीड़िता को तीन से दस लाख रुपये की सहायता दी जाती है। महिलाओं के इलाज और पुनर्वास के लिए सहायता दी जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि कुल आठ मामले आए थे। इन मामलों में फारेंसिक जांच की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा था। पिछले माह पांच मामले मानकों के अनुरूप न होने के कारण निरस्त कर दिए गए, जबकि शेष तीन मामलों में फारेंसिक रिपोर्ट आ गई और मानकों के अनुरूप न मिलने के कारण निरस्त किए गए।



उत्तर प्रदेश शिक्षा आयोग के नवनियुक्त सदस्य आरपी सिंह, पूर्व आईएएस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। अमृत विचार

## कार्यदायी संस्था पर लगाएं 10 लाख का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को प्रेरणा स्थल में निर्माणधीन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणधीन कार्यों में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही ग्रीनिंग एरिया का कार्य भी कराते रहे। जिससे निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो सके।

उन्होंने एलडीए उपाध्यक्ष को निर्देश दिए कि इमाबाड़ा के पास म्यूजियम सेंटर का निरीक्षण कर लें। यदि सिविल कार्य पूरा न मिले तो संबंधित कार्यदाई संस्था पर 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया जाए।

# भाजपा की तीसरी सूची में हो सकते हैं चौंकाने वाले नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रदेश की कई सीटों पर टिकट कटने और विकल्पों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व गंभीर रसूखदार नेताओं की पत्नी व बेटे पर लग सकता हैं दांव**

**▸▸ पीलीभीत, कैसरगंज, मेरठ, गाजियाबाद प्रयागराज, गाजीपुर, रायबरेली, बलिया कानपुर, सहारनपुर, बाराबंकी, लालगंज में हो सकते हैं बदलाव**

**अमृत विचार :** भाजपा की प्रदेश में बची हुई अपनी 24 सीटों की तीसरी सूची में कई चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। कई बड़े चेहरों का टिकट भी कट सकता है। इसमें रसूखदार नेताओं के विकल्प में उनकी पत्नी व बेटे हो सकते हैं। मिशन-80 को लेकर सबसे ज्यादा कसमकस रायबरेली, पीलीभीत, कैसरगंज, मेरठ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गाजीपुर, बलिया, कानपुर, सहारनपुर के लेकर है। बाराबंकी और लालगंज में पहली सूची के टिकट बदले जा सकते हैं।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक सोमवार देर रात तक दिल्ली पार्टी मुख्यालय में चली। पहले लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रत्याशियों के पैनल पर चर्चा करके छवि और जातीय समीकरण के साथ जिताऊ होने पर मुहर लगाई। साथ ही टिकट कटने वाले नेताओं के बागी होने पर नफा-नुकसान का आकलन सर्वसम्मति से हुआ। अब इसमें कई पेंच केंद्रीय चुनाव समिति के सामने आने से तीसरी सूची जारी करने से पहले और जमीनी हकीकत खंगाली जा रही है।

पहली सूची में उप्र. से भाजपा 51 सीटों के प्रत्याशियों का नामों का एलान कर दिया है। तीसरी सूची में कई वीवीआईपी सीटें हैं, जिनसे असल में अबकी बार 400 पार और मिशन-80 नारे की परीक्षा होनी है। चौंकाने वाले बदलावों में पहली सूची में घोषित बाराबंकी लोकसभा सीट पर उपेन्द्र रावत की जगह कोई नया चेहरा उतारा जा सकता है। वहीं, एनडीए की सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) को उसकी पुरानी सीटें मिर्ज़ापुर और रॉबर्ट्सगंज सीटें ही दी जाएंगी। चर्चित कैसरगंज लोकसभा सीट पर रसूखदार सांसद बृज भूषण सिंह के विवादों में होने से उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह या बेटे उप्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह पर दांव लगाया जाएगा।

भाजपा की नई सूची में मेरठ सीट पर रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल और कैंट विधायक अमित अग्रवाल का नाम चर्चा में हैं। गाजियाबाद सीट से मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह के साथ-साथ अनिल अग्रवाल या अनिल जैन के नाम पर भी चर्चा हुई है। इसके अलावा इलाहाबाद सीट पर पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा और योगी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी की पत्नी अभिलाषा नंदी का नाम भी चर्चा में है, यहां इस बार रीता बहुगुणा जोशी को टिकट मिलने की संभावना नहीं है।

सपा से उम्मीदवार ग़ाज़ीपुर सीट पर माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अनुभव सिन्हा के नाम पर भी चर्चा है। आजमगढ़ की लालगंज लोकसभा सीट से सांसद रहीं संगीता आजाद के भाजपा में आने पर वहां पहली सूची में घोषित पूर्व सांसद नीलम सोनकर का टिकट कट सकता है। इसके अलावा पीलीभीत को लेकर वरुण के बगावती तेवर को देखते हुए कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलेगा। उनकी जगह पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नाम चर्चा में है। मैनपुरी सीट पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की भी चर्चा है। सहारनपुर सीट पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा और राघव लखनपाल के नाम पर चर्चा चल रही है।

इसी तरह चर्चा है कि रायबरेली सीट पर सपा के बागी डॉ. मनोज पांडेय की जगह अब भाजपा के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह या नूपुर शर्मा को भी मौका मिल सकता है। मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट कटने की संभावना भी जताई जा रही है। मौजूदा सांसद रमापतिराम त्रिपाठी को दोबारा मौका मिल सकता है। इसी तरह बलिया से नीरज शेखर या निषाद पार्टी की विधायक केतकी सिंह और पूर्व मंत्री आनंद स्वरुप शुक्ल का नाम चर्चा में है।

कानपुर लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर सांसद सत्यदेव पचौरी, संघ घराने की बहु और पचौरी की बेटी नीतू सिंह आमने-सामने हैं। इसके साथ ही कानपुर सीट से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, लोक गायिका मालिनी अवस्थी और ब्रजेश पाठक भी दावेदारी कर रहे थे, लेकिन मामला अब दिल्ली से तय होगा।

## ग्राम्य विकास 12.39 लाख पौधों से लाएगा हरियाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में ग्राम्य विकास विभाग 12.39 लाख पौधों से हरियाली लाएगा। पौधरोपण जून व जुलाई में करेगा। कार्ययोजना बनते ही विभाग अप्रैल से प्रक्रिया शुरू करेगा। इस बार भी नगर व ग्रामीण इलाकों में पौधरोपण अभियान चलेगा। इसके लिए ग्राम्य विकास को 12.39 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। जो मनरेगा के तहत पूर्ति किया जाएगा। जो बनते ही अप्रैल से ग्रामीण इलाकों में स्थल चिह्नित कर गड्ढे खोदने से लेकर अन्य कार्य करेगा। पौधरोपण जून व जुलाई में होगा। इसके लिए वन विभाग फल व छायादार पौधे देगा। यह काम मनरेगा श्रमिक करेंगे। इससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कार्ययोजना बनते ही कार्य शुरू कर देंगे।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर मीडिया पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मीडिया मतदान संबंधी गोपनीयता बनाए रखे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को लोक भवन में आदर्श आचार संहिता के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में सचेत किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फेक न्यूज से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार या गलत सूचना और मीडिया स्टोरी की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक नीति तैयार की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित एमसीएमसी द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग व मीडिया उल्लंघनों की मॉनीटरिंग की जाएगी, इसलिए सभी विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जाएगा।



**▸▸ मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में किया सचेत**

उन्होंने बताया कि विशिष्ट समाचार पत्रों के एक ही पृष्ठ पर, प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों की प्रशंसा करते हुए एक के ही चुनाव जीतने की संभावना का दावा संबंधी लेख, ऐसा समाचार जिसमें एक उम्मीदवार को समाज के प्रत्येक वर्ग का समर्थन मिला होना और वह उस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतेगा, संबंधी प्रकाशित खबर पेड न्यूज की श्रेणी में आयेंगे।

उन्होंने बताया कि पेड न्यूज का प्रकरण सत्यापित होने पर डीएवीपी दरों के आधार पर इसका वास्तविक या अनुमानित व्यय उम्मीदवार के चुनाव व्यय खातों में जोड़ा जायेगा। प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का नाम, पेड न्यूज आइटम के सभी विवरणों के साथ आयोग द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए भारतीय प्रेस परिषद और न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन को भेजा जायेगा।

### मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया केन्द्र स्थापित किए जायेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में निर्वाचन संबंधी कोई भी प्रचार-सामग्री सिनेमा हॉल, टेलीविजन या किसी अन्य विधि से प्रसारित किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रथम चरण के मतदान से लेकर अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के आधे घंटे बाद तक एक्जिट पोल भी प्रतिबंधित रहेगा। एमसीएमसी से प्रमाणन के बाद ही राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के राजनीतिक विज्ञापन प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही प्रत्याशी को प्रोजेक्ट नहीं करना है, बल्कि सभी को समान कवरेज देना है।

## पंचायती राज बनवाएगा 6,952 फैमली आईडी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में फैमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) पंचायती राज विभाग बनाएगा। जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल बनाया है।

प्रदेश में अध्यासित परिवारों को लैमिनेटेड फैमिली आईडी उपलब्ध कराने की योजना है। इसके लिए 6952 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। जिन्हें परिवार की पहचान के लिए कार्ड दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर को इसका नोडल बनाया है। जो कंपनी के माध्यम से कार्ड बनवाकर निशुल्क उपलब्ध कराएंगे। हिमांशू ने बताया कि जल्द कंपनी नामित कर इसी माह प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

# स्किल डेवलपमेंट पर दिया जाएगा बल : प्रो. अमरपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि वो छात्रों के बीच स्किल डेवलपमेंट के प्रयास करें। इससे कार्यक्षेत्र ही नहीं व्यवस्थाओं में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

विधि विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह का कहना है कि स्किल डेवलपमेंट छात्रों के अध्ययन क्षेत्र में तेजी से बदलाव लाएगा। इसको लेकर हमें प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। विवि में चार्ज लेते ही सभी विभागाध्यक्षों को खास निर्देश दिए गए हैं। बताते हैं कि अध्ययन के अतिरिक्त कोर्स भी कराए जाना आवश्यक है। इसमें कंप्यूटर स्किल्स से लेकर स्पोर्ट्स और कई अन्य एडिशनल वोकेशनल कोर्स शामिल हैं।

### अतिरिक्त कोर्सेस की भी सुविधाओं को विस्तार

कुलपति कहते हैं कि विधि क्षेत्र में अतिरिक्त कोर्सेस की सुविधाओं को भी विस्तार दिया जाएगा। इसके सहारे कानून संबंधी जानकारी सीखकर छात्रों को देश- विदेश में अच्छी पैठ बनाने का मौका मिलेगा।

### विशेषज्ञों को भी दिए अतिरिक्त निर्देश

नवनियुक्त विवि के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने चार्ज लेते ही संकायाध्यक्षों के अलावा विशेषज्ञों से भी वार्ता की गई। विशेषज्ञों को निर्देश दिये गए कि छात्रों और शोधार्थियों को अतिरिक्त कक्षा की सुविधाएं दी जाएं। कई बार अध्ययन के क्षेत्र में छात्रों के सामने प्रश्नों और शोधों को लेकर समस्या आ जाती है।

## लेटे हुए हनुमान जी कराएंगे उद्यमियों के भूखंड फ्री होल्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराए जाने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने लेटे हुए हनुमान जी से गुहार लगाई। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं अध्यक्ष अयोध्या डिविजन प्रमित कुमार सिंह, अध्यक्ष देवीपाटन डिविजन अल्केश समेत अन्य के साथ हनुमान जी के मंदिर में मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी को हनुमान जी को संबोधित उद्यमियों के लिए पीड़ा बना लीज होल्ड औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड करने का पत्र सौंपा गया। अवधेश अग्रवाल ने कहा कि एमएसएमई का उत्तर प्रदेश में विकास हो रहा है लेकिन लीज औद्योगिक भूमि की नीति के करण उद्यमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लीज होल्ड औद्योगिक भूखंड को फ्री होल्ड करने के लिए संगठन ने शासन एवं प्रशासन को कई बार आवेदन दिए हैं जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं आधी आबादी के मत

## जिले में नौ लाख से अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या, सबसे अधिक जैदपुर तो सबसे कम रामनगर में

लोकसभा चुनाव



रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। जिले में 20 मई को मतदान होगा। यहां महिला मतदाता अपने वोट का दम दिखाने के लिए तैयार हैं। इस चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक की भूमिका में हैं। जिले की मतदाता सूची को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख से अधिक है। ऐसे में आधी आबादी का मत निर्णायक साबित होगा। सभी पार्टियां अपनी महिला विंग को सक्रिय कर आधी आबादी का वोट हासिल करने के लिए उनके घर-घर भेजने की तैयारी में लगी हैं।

निर्वाचन आयोग ने 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया है। 53 बाराबंकी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर 19 लाख 11 हजार 666 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 9 लाख एक हजार 518 महिला मतदाता हैं। आंकड़ों के मुताबिक इस चुनाव में महिलाओं के मतों का दम दिखेगा। बाराबंकी में वैसे तो कुल छह विधानसभा क्षेत्र हैं लेकिन दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र अयोध्या लोकसभा आने से पांच विधानसभाओं के मतदाता अपना सांसद चुनेंगे।

**19,11, 666**
**है कुल मतदाताओं की संख्या**
**10,10,081**
**हैं पुरुष मतदाता**
**9,01518**
**हैं महिला मतदाता जिले में**



इनमें महिला मतदाताओं की सर्वाधिक संख्या 1,93,304 जैदपुर विधानसभा में है। जबकि, सबसे कम महिला मतदाताओं की संख्या 1,62,288 रामनगर विधानसभा क्षेत्र में है। इसके अलावा कुर्सी विधानसभा में 1,90,466, बाराबंकी में 188,814 और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1,66,646 महिला मतदाताओं की संख्या है।

वैसे दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र समेत जिले की कुल आबादी 40 लाख 70 हजार 765 है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने से चुनावी पारा भी चढ़ने लगा है। राजनीतिक दलों ने अपने-अपने महिला विंग को भी सक्रिय कर दिया है। लिहाजा, महिलाएं भी चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए आगे आ गईं हैं। चुनाव आयोग के साथ प्रशासन भी महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहा है।

### मतदाता बनने में पुरुषों से आगे रहीं महिलाएं

जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद कुल 42,196 मतदाता बढ़े हैं। इसमें 25,293 महिला मतदाता शामिल हैं। जबकि 16, 903 पुरुष मतदाता हैं। इस बार मतदाता बनने में आधी आबादी ने पुरुषों से अधिक रुचि दिखाई है।

### हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा पिंक बूथ




महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया जाएगा। इसकी कमान महिला कर्मचारियों के हाथ में रहेगी। महिलाओं को वोट डालने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए यहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उनके बच्चों के खेलने की व्यवस्था भी की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से इसके लिए महिला कर्मचारियों को चयनित करने का काम शुरू कर दिया गया है।



नौवां रोजा

शिया
सहरी : 4:52 बजे
इफ्तार : 6 :17 बजे

सुन्नी
सहरी : 4 :38 बजे
इफ्तार : 6 :27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### बिना मान्यता संचालित किया जा रहा स्कूल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के झंझरा चौराहे के छेदा मार्ग पर बिना मान्यता के बालाजी चिल्ड्रन अकादमी स्कूल बीते दो वर्षों से संचालित किया जा रहा है। चौराहे पर लगे बोर्ड में प्ले ग्रुप से अग्रिम कक्षाओं तक संचालित करना दर्शाया गया है जबकि बीते वर्ष 2021-22 से अनवरत कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इस संदर्भ में बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### 30 लाख की हेरोइन के साथ पकड़ा गया शातिर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत् मंगलवार को ग्राम पुरानी बाजार अहमदपुर थाना क्षेत्र जैदपुर निवासी कमर अली को पुलिस ने 305 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहल्लाताड तल्ले कस्बा व थाना क्षेत्र जैदपुर निवासी मोहम्मद रियाज़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज किया है।

# डीएम ने लिखा- मतदान करे बाराबंकी

## कलेक्ट्रेट में की मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत, तहसीलों व ब्लाकों पर भी हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार



बनीकोडर में हस्ताक्षर अभियान चलाते बीडीओ डॉ. विनय मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों द्वारा मतदान करने के प्रति जागरूकता लाने के लिए ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। यह हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर भी किया गया।

इस दौरान ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने ढोल नगाड़े के साथ इस अभियान की शुरुआत करते हुए सबसे पहले हस्ताक्षर किए और लिखा मतदान करे बाराबंकी। उन्होंने इस स्लोगन के साथ आह्वान किया कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। इसके बाद सीडीओ अ. सुदन और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ रंगोली बनाने वाली छात्राओं ने भी हस्ताक्षर किया। इसके बाद ज़िलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई। डीएम ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थानों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो सकें और मतदान के प्रति उनमें उत्साह पैदा हो।

यह कार्यक्रम सभी तहसील मुख्यालयों के अलावा ब्लॉक स्तर पर भी किया जाएगा और उद्योग इकाई एवं संस्थानों आदि में भी मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ब्लॉक बनी कोडर में बीडीओ डॉ. विनय मिश्रा द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। वहीं सिद्धौर में बीडीओ पूजा सिंह ने इसकी शुरुआत की। वहीं पिछले चुनाव में जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत कम रहा था उन बूथों पर मशाल जुलूस के माध्यम से यहां पंजीकृत वोटरों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इस क्रम में मंगलवार को शहर के भाग संख्या 285, 286, 287, 290, 291 व 288 पायनियर मांटेसरी हाईस्कूल छाया चौराहा से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।विकास खंड मसौली मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत बीडीओ डॉ.संस्कृता मिश्रा के नेतृत्व में की गयी। ढोल-ताशों के बीच लोकतंत्र में मतदान के महत्वपूर्ण अधिकार के प्रति जागरूक करती इस मुहिम का आरंभ हस्ताक्षर अभियान से हुआ। इसमें बड़ी संख्या मे महिलाओं की भागीदारी रही। सभी लोगों ने अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए मतदान के प्रति अपनी मन की बात लिखकर हस्ताक्षर किये। बीडीओ ने मतदाता शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीओ आईएसबी मदन गोपाल, अनिल दुबे, अरुण कुमार, एडीओ पंचायत जानकीराम, विजय, प्रदीप, आकिब, सौम्या, जैसाराम, संजीव आदि मौजूद रहे।



सिद्धौर ब्लाक मुख्यालय में हस्ताक्षर करतीं बीडीओ पूजा सिंह।



मसौली में अभियान की शुरुआत करतीं बीडीओ संस्कृता मिश्रा।



मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में रूट मार्च निकालते पुलिस व पैरामिलेट्री फोर्स के जवान। अमृत विचार

## पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स ने किया रूट मार्च

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस ने पैरामिलेट्री फोर्स के साथ विभिन्न स्थानों पर रूट मार्च निकाला। मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को बेलहरा, भटुवामऊ, सूरतगंज, छेदा, लालपुर करौता आदि स्थानों पर पैरामलेट्री फोर्स के साथ रूट मार्च किया गया। मार्च पुलिस चौकी से शुरू होकर बाबा साहब चौराहा, सौरंगा, लच्छीपुर आदि स्थानों पर होते हुए चौकी पहुचकर समाप्त हुआ।

## त्योहारों व चुनाव को लेकर सतर्क रहें जिम्मेदार: डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह की मौजूदगी में मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी हुई। डीएम ने पुलिस अधिकारियों की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि त्योहारों व चुनाव को लेकर सभी सतर्क रहें। एसपी दिनेश सिंह ने प्रभारी निरीक्षकों को लोक सभा चुनाव को शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अति संवेदनशील और संवेदनशील मतदान स्थलों के वरिष्ठ व प्रभावशाली लोगों के साथ बैठक कर उन जगहों पर चौकसी बरतने की बात कही। एसपी ने निर्देश देते हुए कहा कि आचार संहिता के चलते उडन दस्ता टीम वाहनों की चेकिंग करने में कैमरा का उपयोग कर विनम्रता दिखायें। होली और रमजान के पवित्र महीने में शांति व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा के चौथे दिन मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



कथा व्यास मुरली मनोहर।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नरौली गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा सुनाते हुए व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने कहा कि दत्तात्रेय जी कहते हैं कि गृहस्थ जीवन के लिए हमें सांप से शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। सांप कभी भी स्वयं अपना घर नहीं बनाता, वह अन्य जीवों द्वारा बनाए गए बिल में प्रवेश करता है और बहुत शीघ्र ही उसका त्याग कर देता है। इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें भौतिकतावादी प्रवृत्ति में नहीं लिप्त होना चाहिए। उन्होंने गृहस्थाश्रम को सबसे बड़ा आश्रम बताते बताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### धर्म आधारित जीवन का पवित्र आश्रम है गृहस्थ



गायत्री शक्तिपीठ पर प्रवचन देते टोली नायक रमेश चंद्र डेहरिया।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** गृहस्थ आश्रम को धर्म जीवन का एक पवित्र एवं उपयोगी आश्रम माना गया है। आत्मोन्नति करने के लिए यह एक प्राकृतिक स्वाभाविक और सर्वसुलभ योग है। गृहस्थ धर्म के परिपालन से ही आत्मभाव की सीमा बढ़ती है तथा एक से अनेक तक आत्मीयता फैलती और विकसित होती है। रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चार दिवसीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन टोली नायक रमेश चंद्र डेहरिया ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम में परिजनों में आत्मीयता बढ़ती है। यही उन्नति धीरे-धीरे आगे बढ़ती जाती है और मनुष्य संपूर्ण चर-अचर में जड़-चेतन में आत्म सत्ता को ही समाया देखता है। इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी ने अतिथियों को दुपट्टा तथा युग ऋषि का साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, पूर्व डाक अधीक्षक भोलानाथ मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### हैदरगढ़ में ट्रेनों के ठहराव को डीआरएम से मिला प्रतिनिधिमंडल



डीआरएम कार्यालय पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** शटल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ के संयोजक आदित्य गुप्ता के साथ उत्तर रेलवे के डीआरएम लखनऊ से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ-बनारस के बीच चलने वाली शटल के साथ ही बेगमपुरा, सद्भावना, कोटा-पटना, मरुधर के हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव तथा मेमू ट्रेन को लखनऊ तक बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव, अस्तित्व प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, शिव प्रसाद, दर्शन सिंह आदि शामिल रहे।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के ताला गांव में तीन दिन पहले एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी। सोमवार देर रात पुराने हाइवे पर ही समसुद्दीन उर्फ अब्दुल्ला पुत्र यूनुस निवासी कुशहरीरसूलपुर थाना मवई को चोरी की बाइक के साथ गांव के लोगों ने देखा और पकड़ लिया। ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल ओपी तिवारी और एसआई अशोक कुमार ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। समसुद्दीनउर्फ अब्दुल्ला के खिलाफ दो मुकदमे कोतवाली रामसनेहीघाट और 4 मुकदमे अयोध्या जिले के रौनाही, रुदौली, मवई में दर्ज हैं।

### घटिया सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश



कराया जा रहा मार्ग निर्माण।

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने धांधली का आरोप लगाया है। बंकी ब्लाक के बरौली ग्राम पंचायत में रमापति वर्मा के घर से अब्दुल हमीद के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के तहत ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में बाक्सिंग में लगाई ईंट भी घटिया किस्म की लगाई गई है। ग्रामीणों द्वारा ब्लॉक के अफसरों से कई बार शिकायत की गई । ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं कराया गया तो वे ब्लॉक कार्यालय में धरना देंगे। बीडीओ बंकी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जांच के लिए निर्देशित किया जा चुका है। यदि जांच नहीं हुई है तो जांच कर निर्माण कार्य में सुधार कराया जाएगा।

लापरवाही

## सुबह 9 :20 बजे तक प्राथमिक विद्यालय लालूपुर नहीं पहुंचे थे गुरुजी, अशोकपुर चांचूसराय व दलसराय में शिक्षामित्र मौजूद मिलीं

# विद्यालय में लटक रहा ताला, बच्चे खेल रहे गुल्ली-डंडा

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी



प्राथमिक विद्यालय लालूपुर में शिक्षकों के इंतजार में बाहर खड़े बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के रामनगर शिक्षा क्षेत्र में कुछ विद्यालयों को छोड़कर बाकी विद्यालय खुलने व बंद होने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समय से 30 से 40 मिनट लेट खुल रहे हैं तथा बंद होने के समय पर गुरुजी बाराबंकी या लखनऊ जाने के लिए सड़क पर खड़े अपनी सवारी का इंतजार या पान खाते नजर आते हैं। प्राथमिक विद्यालय लालूपुर मंगलवार को 9:20 बजे तक नहीं खुला था। कुछ बच्चे विद्यालय के बाहर खड़े होकर अध्यापकों का इंतजार कर रहे थे तो कुछ गुल्ली-डंडा खेल रहे थे।

रामनगर शिक्षा क्षेत्र के कई विद्यालय समय से नहीं खुलते। यह भी पता चला कि विद्यालय का गेट खोलने की जिम्मेदारी रसोइयों या बच्चों की है। समय से अध्यापक के न आने के बारे में पूछने पर गाड़ी खराब हो जाने की बात सामने आयी। प्राथमिक विद्यालय लालूपुर में 9:20 बजे ताला लटक रहा था। बच्चों ने बताया कि विद्यालय रोज देर से खुलता है। अभी कोई आया नहीं है, आते होंगे। वहीं प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर चाचूसरांय के मुख्य बोर्ड पर गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के बाद कुछ लिखा ही नहीं गया। शिक्षामित्र शिवदेवी उपस्थित थीं। कोई अध्यापक नहीं मिला। प्राथमिक विद्यालय दल सराय में शिक्षामित्र सुमन मिश्रा उपस्थित थीं बाकी यहां भी अध्यापक नदारद थे। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो पहुंच से बाहर होने की बात सुनाई दे रही थी।




बंद मिले प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर चाचूसरांय के मुख्य ब्लैक बोर्ड पर लिखा 26 जनवरी का संदेश।

### समय से स्कूल न पहुंचने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। जिन स्कूलों में शिक्षक समय से नहीं पहुंचते हैं, उनके खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। सभी शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देनी है। जो शिक्षक लापरवाही करेगा, उसके खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

–संतोष देव पाण्डेय, बीएसए

## एक नजर

### तमंचे के साथ 10 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** देवा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अपराधी 10 हजार के इनामी ग्राम कुसुम्भा थाना क्षेत्र देवा निवासी कुलदीप व महेश को 12 बोर के एक तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। कुलदीप पर पाक्सो और गैंगेस्टर एक्ट सहित दो अन्य मामले व महेश पर एससीएसटी गैंगेस्टर सहित अन्य धाराओं में देवा कोतवाली में मुकदमा पहले से दर्ज है।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया शातिर बदमाश

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत कोटवा सड़क के कम्पोजिट विद्यालय के पास से सोमवार देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक शख्स को देसी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। रामसनेहीघाट कोतवाली प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि आरोपी की पहचान ताज मोहम्मद सैदनपुर थाना सफदरगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### नौ वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा अलग- अलग मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने एक, दरियाबाद पुलिस ने एक, फतेहपुर पुलिस ने तीन, असनद्रा पुलिस ने एक व कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

### बीमारी से तंग युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कस्बा सूरतगंज निवासी 18 वर्षीय राफे बीमारी से पीड़ित था। इससे परेशान होकर मंगलवार दोपहर अपनी दुकान पर बने कमरे में फंदा लगाकर उसने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने शव का पीएम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं अचानक हुई बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# जंगल में गमछे के सहारे लटकता मिला युवक का शव

**परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप, सोमवार की शाम ट्रैक्टर से किसान का खेत जोतकर हो गया था लापता**

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह एक युवक का शव जंगल में मिलने से हड़कंप मच गया। युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाया गया है। वहीं पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

पूरा मामला सतरिख थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव का है। जहां के निवासी अरविन्द चौहान (22) पुत्र स्व. राम सुमिरन चौहान अपना ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। सोमवार की शाम गांव के एक किसान का खेत जोतकर आने के बाद वह घर से लापता हो गया था। परिवार के लोगों द्वारा उसकी तलाश की गयी लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने गांव में ही बने कंपोजिट विद्यालय के पीछे एक जंगल में पेड़ से गमछे के सहारे युवक का शव लटकता देखा। गांव वालों की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि शव के घुटने जमीन से छू रहे थे और उसकी दाहिनी आंख भी गायब है। परिजनों ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार



रोते-बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार

सूचना मिलते ही एएसपी अखिलेश नारायण सिंह, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी और सतरिख प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के खुलासे के लिए मौके पर डॉग स्क्वॉयड को भी लगाया गया है। वहीं ग्रामीणों की भीड़ जुटी देखकर जैदपुर पुलिस को भी मौके पर बुलाना पड़ा। युवक के भाई सत्येंद्र चौहान का आरोप है कि अरविंद की हत्या की गई है और घटना को छिपाने के लिए शव को पेड़ से लटकाया गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पोस्टमार्टन रिपोर्ट के आधार पर इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

### झाड़ियों में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत भिटरिया दरियाबाद रोड स्थित तासीपुर गांव के पास मंगलवार को कल्याणी नदी में झाड़ियों में फंसा एक युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। मंगलवार को कल्याणी नदी में दोपहर बाद के समय लोगों ने शव नदी के किनारे लगी झाड़ियों में फंसा देखा। धीरे-धीरे ग्रामीण और राहगीर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने बताया कि शव आठ से दस दिन पुराना लग रहा है। कहीं से बहकर आया है और यहां झाड़ियों में फंस गया है। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच जारी है।

### पति समेत नौ पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** विवाह के सात वर्ष बाद विवाहिता में ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लालच में घर से भगा दिया। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरौली निवासी शंभू ने अपनी पुत्री रेनू का विवाह 2016 में थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर मजरे पर्वतपुर निवासी राजेश के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसकी पुत्री को दो लाख रुपए लाने के लिए आए दिन प्रताड़ित करने लगे। सितम्बर 2023 में उसकी पुत्री को घर से भगा दिया और धमकी दी कि जब तक दहेज नही लाओगी वापस नहीं आना। महिला के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिस पर पुलिस ने पति राजेश, ससुर राम मिलन, सास रामकली, देवर कुलदीप, दिलीप, प्रहलाद, धनंजय, ननद रीता व सीमा के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# शिक्षकों ने किया कार्य बहिष्कार

**फूटा गुस्सा**

- मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या के विरोध में जिले के शिक्षकों में आक्रोश है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं किया।

वाराणसी के राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की एसडी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर के गेट के सामने खड़ी डीसीएम में उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन केंद्र पर पहुंचाने के दौरान साथ गए आरक्षी चंद्र प्रकाश ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। घटना के विरोध में शहर के जीआईसी और जीजीआईसी दोनों मूल्यांकन केंद्रों के सभी परीक्षकों, उप परीक्षकों व कर्मचारियों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया। सरकार से मांग की कि शिक्षक के परिवार को 10 करोड़ की सहायता दी जाए। परीक्षकों ने कहा कि यदि शिक्षकों के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार किया जाएगा तो सरकारी कार्यों में सहयोग नहीं करेंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नन्हें सिंह ने कहा कि यह घटना पुलिस की दबंगई का परिणाम है। इस मौके पर डीपी तिवारी, गुरुदयाल, नंदिता, सुविद्या समेत अन्य शिक्षक आदि थे।



मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर शोक व्यक्त करते शिक्षक और कर्मचारी।

# सभासद ने ठेकेदार के खिलाफ दर्ज कराया केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे मानकविहीन कार्य की शिकायत करना पालिका के सभासद को भारी पड़ गया। सभासद ने आरोप लगाया कि शिकायत से नाराज ठेकेदार ने पालिका परिसर में ही उसे जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद लामबंद सभासदों ने कोतवाली पहुंचकर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी तहरीर में आनंद विहार वार्ड के सभासद शेखर बाल्मीकि ने बताया कि ठेकेदार राम प्रवेश वर्मा द्वारा उनके वार्ड में मानकविहीन सामग्री से नाली व सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उन्होंने सोमवार को अधिकारियों से शिकायत कर कार्य रुकवा दिया। इससे ठेकेदार आगबबूला हो गया और जातिसूचक गाली देने लगा। सभासद संघ ने पालिका अध्यक्ष को मामले की जानकारी दी। सभासद शेखर वाल्मीकि ने प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी को तहरीर दी। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ठेकेदार के ख़िलाफ़ केस दर्ज कर मामले की जांच करायी जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र हैं। मेरा तीसरे नंबर का बेटा राम बहादुर सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह घर पर भी नहीं रहता है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। पैतृक संपत्ति बेच डाला है। अपनी पत्नी व बच्चों से भी कोई वास्ता नहीं रखता है। यदि राम बहादुर सिंह के द्वारा कोई लेनदेन या अनैतिक कृत्य/आपराधिक कृत्य किया जाता है, तो मुझसे व मेरे अन्य बेटों से कोई लेना देना नहीं है। मैं उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करती हूं। **–पारसपती पत्नी स्वर्गीय कालीचरन सिंह, निवासी– ग्राम–मलेथू बुजुर्ग मजरे जगदीशपुर, थाना इनायत नगर, तहसील–मिल्कीपुर, जिला– अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्रगण स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला, निवासी– 536/265क, मदेहगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, मकान सं0 एम.एस.– 102, सेक्टर–डी, अलीगंज, लखनऊ को श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर सहाय एवं श्रीमती ऊषा पत्नी श्री विजय कुमार से दिनांक 19.01.2013 को बजरिये बैनामा क्रय किया था। उक्त मकान का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकेश रावत और पुत्रवधू प्रीति रावत को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति बेदखल कर दिया भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनदेन नहीं होगा। **– जुगरा पत्नी भगवानदीन, निवासी– 307, उत्तरधोना, तिवारीगंज, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अश्वनी कुमार, पता–107, बलुआ घाट, प्रयागराज,** मेरी पुत्री का घर में पुकराने वाला नाम (Nitya Kasera) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम (Anushree Kasera) है जो कि पुत्री के आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: मेरी पुत्री को आज से (Nitya Kasera) के स्थान पर (Anushree Kasera) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **चांदनी त्रिपाठी पत्नी अभय कुमार त्रिपाठी, निवासी– ग्राम व पोस्ट– जगतापुर, थाना– हुजूरपुर जनपद बहराइच** का आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 लाख रूपया कर्जा हो रहा है। अभय कुमार त्रिपाठी की गाटा संख्या 159 को गारंटी के तौर पर लिया जा रहा है। यदि किसी भी बैंक को आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बहराइच**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1917304 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **– शंशाक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी, निवासी– धन्नी पुरवा नेवादा, थाना– राम गांव, जिला– बहराइच**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अत: मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये। **– शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली, पता – 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच**




श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते तनुज पुनिया। अमृत विचार

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** माता पूर्णागिरि की भक्ति भावना में मंगलवार को शहर के धनोखर चौराहे स्थित हनुमान मंदिर के सामने भण्डारक का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत तनुज पुनिया ने की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर नगर पालिका नवाबगंज की चेयरमैन शीला सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री संग्राम सिंह के छोटे भाई व प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश वैश्य, सपा नेता विकास यादव, सभासद सुशील गुप्ता, सभासद पंकज मिश्रा, सभासद आलोक वर्मा, सभासद रोहित सिंह, आयोजक ईशान वर्मा, विनोद वर्मा, बविता वर्मा, सनी यादव, विक्की, दिनेश टंडन सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### एलएलबी परीक्षा में 59 और नकलची धरे गए

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को सचलदल की सघन तलाशी अभियान में बाराबंकी जिले में 59 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। जिसमें अवध लॉ कॉलेज में 51 एवं टीआरसी लॉ कॉलेज में आठ परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। वहीं अवासीय परिसर के केन्द्र पर नौ महाविद्यालयों की मंगलवार को बीपीएड व एमपीएड की परीक्षा दो पालियों में शुरू हुई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने आवासीय केन्द्र का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# घटिया सामग्री से मार्ग निर्माण कराने का ग्रामीणों का आरोप

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई जा रही सड़क में बड़े पैमाने पर मानक के विपरीत घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया है।

रामनगर-फतेहपुर मुख्य मार्ग से आगनपुर-गोंदौरा संपर्क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर रोड बनवाई जा रही है। उसमें सड़क में जो नीचे जो निर्माण कराया जा रहा है उसमें मानक के अनुसार डामर व सामग्री इस्तेमाल नहीं की जा रही। जेई और ठेकेदार द्वारा साठ गांठ कर सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में सहायक अभियंता अजीत पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में गड़बड़ी किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। निर्माण कार्य मे हुई गड़बड़ी को ठीक कराये जाने के लिए संबंधित को निर्देश दिया गया है।



बनायी जा रही सड़क।

### चोरों ने शराब की दुकान में लगाई सेंध

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार की तड़के एक देशी शराब की दुकान में सेंध लगाकर चोर करीब 10 हज़ार की शराब व दुकान में लगा डीवीआर उठा ले गए। पुलिस जांच में जुटी है। कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत बतसिया चौराहे पर स्थित देशी शराब की दुकान पर मंगलवार भोर चोरों ने दुकान की सेंध काटकर दुकान में रखी करीब दस हज़ार रुपए की कीमत की शराब व अन्य सामान ले गए। चोरों ने देखा कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। तो वह दुकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार :** रामनगर-बदोसराय मार्ग पर ग्राम लोधपुरवा के पास सोमवार देर रात मोटरसाइकिल सवार मसौली के ग्राम किंहौली निवासी परशुराम (47) पुत्र होली प्रसाद लोधी को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे स्थानीय सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई।

# भक्तों ने मंदिर में किया सुंदरकांड का पाठ

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर मंगलवार को सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना से शुरुआत की।

इस मौके पर भजन प्रस्तुत किये गये। डॉ. सत्रोहन लाल ने कई भजन प्रस्तुत किये। इसके बाद आरती की गयी और श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिपांशु यादव बाबा, किशुन दास, शानू यादव, ललित सोनी, चंद्रपाल यादव, शिवा नाग, मोहित वर्मा और अशोक कश्यप समेत कई भक्त मौजूद रहे।



सुंदर काण्ड व भजन संध्या में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### एटीएम से बैटरियां उड़ा ले गये चोर

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे के बाबा साहब चौराहे पर संचालित एटीएम के स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर अंदर लगी बैटरियां चोर उठा ले गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलहरा कस्बे के बाबा साहब चौराहे पर भटुवामऊ निवासी एखलाक कुरैशी की दुकान में इंडिया वन का एटीएम संचालित है। सोमवार रात चोरों ने एटीएम के कैमरे पर टेप लगा दिया और स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर अंदर लगी तीन बैटरियां उठा ले गए। पड़ोसी अफाक कुरैशी के मुताबिक आहट सुनकर जब उन्होंने देखा तो बाइक सवार तीन चोर बैटरी लाद रहे थे। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो चोर उन्हें धमकाते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चोरों का पता लगाया जा रहा है।


आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :–किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


**कार्यक्रम** सीहामऊ में श्रीमोती पुरी गिरी बाबा की जन्मसप्तमी पर धार्मिक अनुष्ठान व तीन दिवसीय रामलीला आयोजित

# धनुष यज्ञ व राम कलेवा के साथ रामलीला का समापन

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार:** विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत सीहामऊ में श्रीमोती पुरी गिरी बाबा की जन्म सप्तमी के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व तीन दिवसीय धनुष यज्ञ रामलीला का आयोजन किया गया।

रामलीला मंच पर तीन दिनों तक स्थानीय कलाकारों ने मनोहारी झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा और खूब तालियां बटोरीं। सोमवार को ताड़का व मारीच सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार सहित अन्य प्रसंगों का मंचन किया। मंगलवार को धनुष यज्ञ के अंतिम दिन फुलवारी लीला, रावण-बाणासुर संवाद का आयोजन किया गया।

गुरु विश्वामित्र का आदेश पाते ही श्री राम ने शिव धनुष का खंडन किया। सीताजी ने श्री राम को वरमाला पहनाई। शिव धनुष को खंडित देख क्रोधित हुए परशुराम व लक्ष्मण का संवाद हुआ। रात्रि में राम कलेवा के साथ रामलीला का समापन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक राकेश शुक्ला रहे। इस मौके पर लालता प्रसाद, अंबिका, अरुण, मिलन, सूरज, दिलीप समेत कई लोग मौजूद रहे।



सीहामऊ में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार


VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



**9वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.43 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# झोपड़ी में आग लगने से एक बच्चे की जलने से मौत, दूसरा गंभीर

- खीरों थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव का मामला
- जिला अस्पताल में मौत और जिंदगी से जंग लड़ रहा है नौनिहाल
- परिवार के साथ झोपड़ी में गुजर-बसर करता है पीड़ित परिवार

खीरों, रायबरेली।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की देर रात एक ईंट भट्ठा श्रमिक की झोपड़ी में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय मासूम की जलकर दर्दनाक मौत हो गई और सात वर्षीय नौनिहाल गंभीर रूप से झुलस गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी शिव बोधन लोधी जम्मू कश्मीर के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी रीना लोधी अपने बेटे आयुष और आर्यन डेढ़ वर्ष के साथ घर पर रहती है। उसके पास कोई आवास न होने के कारण वह एक छप्पर के नीचे अपने परिवार के साथ गुजर बसर करती थी। सोमवार को देर रात उसका बेटा आयुष, आर्यन डेढ़ वर्ष इसी छप्पर के नीचे सो रहे थे। मच्छर भगाने के लिए रीना लोधी ने छप्पर के नीचे धुआं सुलगाने के लिए आग जला दिया था। देर रात वह अपने दोनों सोते हुए बेटों को छोड़कर शौंचक्रिया के लिए खेतों की तरफ चली गई।

इसी बीच छप्पर में अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर उसका बेटा आर्यन और आयुष गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी मिलने पर जब तक ग्रामीण आग बुझाकर रीना के दोनों बेटों को बाहर निकालने का प्रयास करते, तब तक दुधमुंहे आर्यन की मौत हो चुकी थी।

जबकि आयुष गंभीर रूप से झुलस चुका था। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से झुलसे बेटे आयुष को सीएचसी खीरों पहुंचा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से शिव बोधन और उसकी पत्नी रीना का रो-रोकर बुराहाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### ...तो शायद न होता हादसा

खीरों क्षेत्र के गांव गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी शिव बोधन लोधी और उसकी पत्नी रीना लोधी गरीबी का दंश झेल रहे हैं। उनके सिर पर छत न होने के कारण परिवार छप्पर के नीचे गुजर बसर कर रहा था। पात्र होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। यदि समय रहते इस गरीब पात्र परिवार को योजना के तहत आवास उपलब्ध हो जाता तो शायद यह हृदय विदारक घटना न होती। बीडीओ डॉ. अंजू रानी वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। वह स्वयं इस मामले की जांच करेंगी कि पात्र होते हुए भी इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिला। शीघ्र इस परिवार को आवास के साथ ही सरकारी सहायता भी दिलाई जाएगी।

# हरचंदपुर विधायक ने बंधाया ढांढस

- बच्चे की मौत पर जताई शोक संवेदना, परिवार को दी आर्थिक मदद

संवाददाता, रायबरेली


बच्चे की मौत के बाद पीड़ित परिजनों से मिलते हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी।

**अमृत विचार।** गनेशपुर में आग की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। मासूम की मौत से जहां परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। वहां गांव में मातम का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद कराई जाए।

सपा विधायक राहुल लोधी ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि मैं इस परिवार के लिए जो भी मदद हो सकती है वह मै करने के लिए तैयार हूं। परिवार को दुर्घटना बीमा सहित जीवन यापन करने के लिए घर और जो भी मदद हो सकती है मैं करूंगा। सपा विधायक ने कहा आज मेरी सरकार नहीं है, उसके बावजूद भी हम अपने क्षेत्र की जनता के लिए हर सुख दुख मे खड़े रहने का वचन देता हूं। उन्होंने पीड़ित परिवार को इलाज 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी।

कहा कि यह बहुत ही हृदय विदारक घटना है। गौरतलब है कि खीरों थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी रीना पत्नी शिव बोधन लोधी अपने दो बच्चों आर्यन डेढ़ वर्षीय और आयुष सात वर्ष को छप्पर के नीचे सुला कर धुआं सुलगा दिया था, ताकि बच्चों को मच्छर ना लगे और शौंचक्रिया के लिए खेतों की तरफ चली गई। तभी अचानक छप्पर में आग लग गई। ग्रामीण जब तक छप्पर के नीचे से सो रहे दोनों मासूम बच्चों को बाहर निकालते, तब तक आग की चपेट में आने से दोनों मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। इसमें डेढ़ वर्षीय आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा बच्चा आयुष गंभीर रूप से झुलस गया।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की बिगड़ी हालत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया। जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने किसी बात को लेकर अपने ही घर में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तब परिजनों ने उसे आनन-फानन जगतपुर सीएचसी ले आए, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सीएचसी के डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसका उपचार किया जा रहा है।

### जहरीला पदार्थ खिलाने से कुत्ते की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव बाजार निवासी रंजीत पासवान पुत्र रामखेलावन पासवान ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कुत्ता बल्लू जिसको 17 मार्च को उसके पड़ोसी ने मीट में जहर दे दिया जिससे उसके कुत्ते की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने सीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

### शराब पीने से रोका तो युवक ने खा लिया सिंदूर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** शराब पीने के बाद परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गांव का है। मंगलवार को गांव निवासी रामआसरे के पुत्र आशीष कुमार ने शराब पी ली थी, जिसके लिए परिजनों ने उसे डांट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

### सीएससी में पांच महिलाओं की हुई नसबंदी

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच महिलाओं की नसबंदी की गई। मंगलवार को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन डॉ. जेके लाल द्वारा जगतपुर सीएचसी में पांच महिलाओं की नसबंदी की गई। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि महिलाओं को एंबुलेंस से घर से लाया गया और नसबंदी होने के बाद उन्हें एंबुलेंस से घर तक छोड़ा गया है और उन्हें सरकार द्वारा नसबंदी करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में भेजी जाएगी। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता स्टाफ नर्स सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### पति-पत्नी के मध्य अनिवार्य है श्रद्धा व विश्वास

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के महवीरन मुहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने बताया कि जब ध्रुव घर छोड़कर भगवान की भक्ति के लिए चले तो रास्ते में उनसे नारद जी मिले। उन्होंने बालक ध्रुव को समझाया, किंतु ध्रुव भगवान को पाने की जिद पर अड़े रहे। बालक के दृढ़ संकल्प को देखते हुए नारद ने गुरू मंत्र दिया। ध्रुव ने नारद से मिले मंत्र से यमुना किनारे मधुमब स्थान पर भगवान नारायण की तपस्या प्रारंभ कर दी। ध्रुव की कठोर तपस्या देखकर भगवान नारायण ने प्रसन्न होकर ध्रुव को दर्शन दिए। उन्होंने आगे बताया कि पति-पत्नी के रिश्ते में विश्वास व श्रद्धा नहीं है तो वे पति-पत्नी जिंदा तो रहते हैं लेकिन उनकी आत्माएं जलती रहती हैं। इसलिए पति-पत्नी के मध्य में श्रद्धा व विश्वास अनिवार्य है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु जमकर झूमे।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच लोग घायल

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली-सेमरी मार्ग पर स्थित मलिकमऊ चौबारा गांव के ग्रामीण बैंक के सामने मंगलवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से टक्कर होने से कुल पांच लोग घायल हो गये।

रायबरेली-सेमरी मार्ग पर स्थित मलिकमऊ चौबारा गांव के ग्रामीण बैंक के सामने मंगलवार की दोपहर दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोग पुकराज पुत्र विंदा प्रसाद निवासी ग्राम शोहलिया थाना हरचंदपुर, मुकेश पुत्र श्यामलाल निवासी लाखन सिंह का पुरवा थाना हरचंदपुर, विदेश पुत्र राजाराम निवासी बद्री प्रसाद का पुरवा थाना बछरावा, पिंटू पुत्र बिन्दादीन निवासी जरिया थाना गुरुबक्शगंज व उमेश पुत्र बुद्धीलाल निवासी सरदार का पुरवा अटौरा थाना गुरुबक्शगंज घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बूलेन्स से सीएचसी जतुआ टप्पा भिजवाया।

# डीएम-एसपी ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली


मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

खीरों, रायबरेली।

**अमृत विचार।** मंगलवार को भीतरगांव पहुंची जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कई प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इससे पहले पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीतरगांव में गोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई।

इस दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने विगत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहने के कारणों पर चर्चा करते हुए राजस्व और विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। लालगंज तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत भीतरगांव में विगत 2019 के लोकसभा चुनाव में मात्र 43.18 प्रतिशत मतदान हुआ था। यह जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के लिए चिन्ता का विषय बन गया। 20 मई को जनपद में 2024 के लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत मतदान होना है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और विगत 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए कम मतदान के कारणों पर चर्चा करने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल ने तहसीलदार लालगंज मंजुला मिश्रा, बीडीओ डॉ. अंजू रानी वर्मा और राजस्व तथा विकास विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भीतरगांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर एक गोष्ठी का आयोजन किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि आगामी 20 मई को रायबरेली में लोकतन्त्र का महापर्व मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक गम्भीर सिंह, शिव प्रकाश त्रिवेदी, लेखपाल विजय पांडेय, महेश तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश सिंह के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीएम ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**सतांव।** मंगलवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने सतांव विकासखण्ड के अटौरा स्थित सकल नारायण इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने वाले सुरक्षाकर्मियों के ठहरने का प्रबन्ध इसी विद्यालय में किया गया है। यहां निरीक्षण करने के उपरान्त जिले के दोनों आला अधिकारियों ने कोरिहर, गुरुबक्शगंज और सहजौरा के मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।


मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### मतदाता जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**सरेनी।** आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बैसवारा पी जी कॉलेज रायबरेली मे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कमला नेहरू पी जी कॉलेज तेजगांव रायबरेली के नोडल अधिकारी डॉ दुर्गेश प्रताप सिंह ने कहा मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है और इसमें बढ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती में सभी लोगों की सहभागिता जरुरी है। छात्र-छात्राएं अपने साथ-साथ अपने परिवार तथा परिचित सदस्यों को भी मतदान के लिये प्रेरित करें।

### कुत्ते ने बच्चे पर किया हमला

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** घर के सामने खेल रही मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों ने धावा बोल दिया। आवारा कुत्तों ने बच्ची के मुंह पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन में मासूम को जिला अस्पताल लाया गया, गंभीर हालत देखकर डॉक्टर ने मासूम को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

# परिवहन निगम : नए एआरएम के बाद बदलने लगी बस स्टॉप की तस्वीर

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** ग्राहक भगवान के समान होता है परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने वाला मुसाफिर हमारा सम्मानित ग्राहक है। उसकी सुख सुविधा और शिकायतों पर ध्यान देकर उनका निवारण करना हमारा दायित्व है। यह विचार नवागंतुक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बदलते जमाने के साथ हमें नए और पुरानी परम्पराओं का समन्वय करते हुए परिवहन निगम को आगे बढ़ाना है।

यात्रियों को नई और अच्छी बसों के माध्यम से उनके गंतव्य तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसी के साथ बस सेवाओं से संबंधित जानकारी देने के लिए पूछताछ काउंटर व पूछताछ अधिकारी का नंबर बस स्टेशन पर सार्वजनिक रूप से लिखवा दिए गए है। जिस पर वह सम्पर्क कर विभिन्न मार्गों पर संचालित बस सेवाओं के बारे में जानकारी कर सकते हैं। असुविधा होने पर संबंधित अधिकारी से शिकायत कर सकता हैं। नए एआरएम के आने के बाद से निज़ाम भी बदला हुआ है। सालों से पूछताछ कक्ष के बाहर नंबर नही अंकित था जिससे लोगों को काफी असुविधा होती थी वही अब जब नए एआरएम आए हैं तो विभाग की आबो हवा भी बदली नजर आ रही है।

# ऑनलाइन राशन वितरण में नेटवर्क बना बाधक, कार्डधारक परेशान

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा कानून लागू होने के बाद खाद्यान्न वितरण ऑनलाइन कर दिए जाने के बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। गांवों में नेटवर्क की समस्या के कारण राशन वितरण बाधित है। कोटेदार से लाभार्थी तक परेशान है, किंतु अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने में लापरवाह है। होली से पहले कोटेदारों को राशन वितरण का आदेश है। इस बार बाजरा और चीनी का भी वितरण होना है। राशन वितरण ऑनलाइन करने के लिए कोटेदारों को वोडा फोन और एयर टेल का सिम दिया गया है। इन कंपनियों के सिम ग्रामीण क्षेत्रों में बिलकुल काम नहीं करते है, जिसके कारण राशन का वितरण बहुत प्रभावित है। स्थित यह है कि कुछ गांवों में एक दिन में पांच से दस लाभार्थियों को ही राशन का वितरण हो पा रहा है। इस बारे में पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई है। होली से पहले राशन का वितरण होना है, किंतु नेटवर्क की जो दशा है, उसे देखते हुए होली से पूर्व राशन का वितरण संभव नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ल का कहना है कि कोटेदारों को दूसरे नेटवर्क की मदद से राशन वितरण को कहा गया है। इस समस्या के निदान की कोशिश की जा रही है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ


श्री बरखण्डीनाथ महादेव मंदिर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

# जागरण पार्टी ने भक्ति गीतों से बांधा समां

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत में स्थित प्राचीन कालीन श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी दिव्य श्रीरामकथा के समापन पर हवन पूजन एवं भंडारे व जागरण का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जागरण पार्टी के गायकों ने रिंकू जायसवाल के नेतृत्व भक्ति गीतों से समां बांध दी। वहीं दूसरी जागरण पार्टी के कलाकारों ने गणेश, राम-लक्ष्मण सीता, हनुमान, वानर सेना, राधा-कृष्ण, सुदामा चरित्र, शंकर-पार्वती, शिव तांडव की अद्भुत झांकियां दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देख दर्शक भक्ति रस में सराबोर होकर तालियां बजाते हुए झूमने गाने लगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी राज दीक्षित उर्फ राजू भैया हरियाणा वाले व उनकी टीम को आयोजक कमेटी द्वारा माला पहनकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। अपराह्न 2 से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चला। इस मौके पर लवकुश मिश्रा, अंजनी कुमार दीक्षित, अमित मिश्रा, कन्हैया कुमार मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, अनिल शुक्ला, सुरेश कुमार दीक्षित, विक्की दीक्षित, राकेश त्रिवेदी, पवन मिश्रा, छोटू मिश्रा, अनूप मिश्रा, मोहित सिंह, योगेश सिंह, राजकिशोर शुक्ला, सुशील गोस्वामी, अनिल शुक्ला, काजल गिरि, सुशील गिरि, राकेश गोस्वामी, रमेश मौर्य, पवन दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश सिंह, अमरजीत सिंह, गुड्डू गोस्वामी, अनुज बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

# फिर ऑनलाइन से पौने तीन लाख रुपये की ठगी

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** तुम्हारा लड़का रेपकांड में अरेस्ट हुआ है, यदि उसे बचाना चाहते हो तो तत्काल पौने तीन लाख रुपए भेज दो। फोन पर मिले इस संदेश ने पिता को हिला दिया और उसने हड़बड़ाहट में पौने तीन लाख रुपए बताए गए खाते में डाल दिया। उसके बाद जब उसने अपने बेटे से संपर्क किया, तब उसे पता चला कि वह साइबर क्राइम गिरोह का शिकार हो गया है।

यह घटना क्षेत्र के गांव सादे की बाजार निवासी गणेश प्रसाद मिश्र के साथ हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है। इनका बेटा कानपुर में पढ़ाई करता है। सोमवार की दोपहर इनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई, जिसमें कहा गया कि तुम्हारा लड़का एक रेप कांड में गिरफ्तार हुआ है, उसकी जिंदगी बर्बाद हो जायेगी।

यदि उसे बचाना चाहते हो तो तत्काल एक बैंक खाते में पौने तीन लाख भेज दो। यह संदेश में मिलते ही पिता के होश उड़ गए। अपने बेटे को बचाने के लिए उन्होंने तुरंत रुपयों का इंतजाम किया और बताए गए बैंक खाते में कुल चार किस्तों में पौने तीन लाख रुपए डाल दिए। उसके बाद जब उन्होंने अपने बेटे से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसके साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। तब पता चला की यह साइबर क्राइम गिरोह की करतूत थी। मामले का सच जानने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# तीसरे दिन जैन समाज के लोगों ने समर्पित किए 101 अर्घ्य

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र विधान के तीसरे दिन मंगलवार को विकर्ष शास्त्री व सुनील जैन के सानिध्य में जैन समाज के लोगों ने 101 अर्घ्य समर्पित किए।

सिविल लाइन स्थित जैन मंदिर में सिद्ध चक्र विधान के तीसरे दिन सुबह 6 बजे भगवान की प्रतिमा अभिषेक किया। शांतिधारा का सौभाग्य अशोक जैन, अनिल जैन, सीके जैन, राकेश जैन, इंदर जैन, आरके जैन, विजयंत जैन, अरिहंत जैन को प्राप्त हुआ। इंद्र-इंद्राणियों ने भजनों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। मंगलवार को को नित्य नियम पूजन में नवदेवता पूजन, चौबीस तीर्थंकर भगवान पूजन और भगवान शांतिनाथ का पूजन किया गया।


दिगंबर जैन मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

राही, रायबरेली।

▸▸ मुंशीगंज बाईपास के पास हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव




अमृत विचार। भाई के साथ बाइक पर ड्यूटी से घर वापस लौट रही सुरक्षा गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के गोरा बाजार निवासी अशोक कुमारी पत्नी राकेश कुमार एम्स में सुरक्षा गार्ड थी। मंगलवार को वह अपने भाई विमल कुमार पुत्र श्याम लाल की मोटर साइकिल से ड्यूटी करके घर वापस लौट रही थी तभी थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास के निकट अज्ञात वाहन ने उसके भाई की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची भदोखर थाने की पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में मारे गए भाई-बहन स्थाई रूप से उन्नाव जनपद के थाना बक्सर के रघुनाथपुर खेड़ा गांव के निवासी थे। मुंशीगंज चौकी इंचार्ज कृपा शंकर मिश्र ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## मंडी चौकीदार के खिलाफ कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

लालगंज, रायबरेली। कृषि उत्पादन मंडी समिति के चौकीदार पर कर्मचारियों ने आए दिन शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह से की है। एसडीएम ने मामले की जांच मंडी सचिव को सौंपी है। मंडी निरीक्षक इफ्तिखार अहमद, अखिलेश कुमार, सुधीर कुमार सहित अन्य मंडी समिति के कर्मचारियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मंडी का चौकीदार शराब का आदी व्यक्ति है। रात में शराब पीकर मंडी कॉलोनी में गाली गलौज करता है। मना करने पर अभद्रता व मारपीट भी करता है। साथ ही कार्यालय की गोपनीयता भी भंग करता है। मंडी के कर्मचारियों ने उप जिलाधिकारी से पंकज वर्मा का स्थानांतरण अन्यत्र दूसरी मंडी में किए जाने की मांग की है। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कहा कि मंडी सचिव से जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या का दोष सिद्ध होने पर सात को उम्रकैद

संवाददाता, रायबरेली। कोर्ट ने हरचंदपुर थाना क्षेत्र से जुड़े हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सात आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही साढ़े 38-38 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित कोर्ट संख्या दो के अपर सत्र न्यायाधीश प्रभात कुमार यादव ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) अवधेश कुमार पांडेय के मुताबिक मामले की रिपोर्ट हरचंदपुर क्षेत्र के मझिगवां हरदोई निवासी गोपाल सिंह ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 14 मई 2019 को वादी अपने छोटे भाई शिवप्रताप सिंह उर्फ शिवा सिंह के साथ खरीददारी करके हरचंदपुर से अपने गांव मझिगवां हरदोई जा रहा था। जब सलेमपुर चौराहे पहुंचा, तभी चुनावी रंजिश में रामदेव, गुड्डू ने अपने साथियों शिवराज सिंह, धीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अल्ताफ व अफाक के साथ उन्हें घेर लिया। जान से मारने की नीयत से दोनों को मारपीटा। दोनों को गंभीर हालत में हरचंदपुर अस्पताल से रेफर होने के बाद रायबरेली स्थित अस्पताल ले जा रहे थे, इसी दौरान शिव प्रताप सिंह उर्फ शिवा की मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद धीरेंद्र सिंह उर्फ दीपू, रामदेव पासी, गुड्डू, योगेंद्र सिंह उर्फ छोटू, शिवराज सिंह, अल्ताफ उर्फ जुगनू व अफाक के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।

## सार-संक्षेप

### आत्महत्या का किया प्रयास

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव की 16 वर्षीय राखी पुत्री सुरेश कुमार ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों की सतर्कता से उस समय रहते बचा लिया गया। उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खड़े ट्रैक्टर में घुसी इनोवा, चार घायल

बछरावां, रायबरेली। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर पहुरावा गांव के पास एक खड़े ट्रैक्टर में तेज रफ्तार इनोवा कार जा घुसी। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इनोवा कार प्रयागराज से लखनऊ जा रही थी, जिसमें सवार अजय पाल (42) पुत्र जगन्नाथ, अशर्फी लाल (50) पुत्र बाबूराम, विजयपाल (62) पुत्र चंपतराम निवासी करमपुरा ठाकुरान थाना भोजीपुरा जनपद बरेली और रामदत्त सोनी पुत्र सालीग्राम निवासी निगोहा वर्तमान पता तेलीबाग लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से इनोवा चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को सीएचसी बछरावां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रामदत्त सोनी की हालत को गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर, जबकि अजय पाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक और टेंपो में टक्कर, चार घायल

जगतपुर, रायबरेली। जगतपुर-सलोन संपर्क पर मार्ग पर भटपुरवा नहर पुल के पास टेंपो और बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया। सोमवार की रात जगतपुर-सलोन संपर्क मार्ग पर भटपुरवा नहर पुल के पास सलोन की तरफ से आ रहे टेंपो की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें टेंपो चालक प्रदीप सिंह निवासी पचखरा थाना ऊंचाहार, गोमती, महिमा निवासी नसीरनपुर थाना गदागंज व बाइक चालक परमजीत निवासी जनेसरा थाना भदोखर घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों को मदद से जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक डा. एलपी सोनकर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल अवस्था में आए थे। इसमें गोमती, परमजीत और प्रदीप की हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

### सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा फेसबुक पर सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने के वाले को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बीजेपी नेता की तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध आईटी एक्ट, शांति भंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के ममुनी गांव निवासी मनीष साहू पुत्र स्वर्गीय छेदीलाल ने फेसबुक सोशल साइट पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर पोस्ट वायरल किया था। उक्त प्रकरण में अपने को बीजेपी नेता बताने वाले जंग बहादुर शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मनीष नामक युवक द्वारा फेसबुक पर सीएम के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की गई है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीएम के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के मामले में युवक को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



बीएसएम पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल छात्र-छात्राएं व अन्य।

सूची, रायबरेली : बीएसएम पब्लिक स्कूल गढ़ी चौराहा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बेहतर प्रदर्शन पर मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक शशिधर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने टॉपर प्रसन्न सिंह, श्रृष्टि सिंह, यश पांडेय, प्रसन्न सिंह, जियांसी सिंह, परी श्रीवास्तव, आयुषी शर्मा, सौम्या जायसवाल, आयुष यादव, आराध्या, सरफ़राज़, वेदिका सिंह, अलीज़ा, आदर्श विश्वकर्मा, आर्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा गौतम, रुचि सिंह, ट्विंकल गुप्ता और मानसी श्रीवास्तव ने किया।

### कारतूस व तमंचे के साथ आरोपी को दबोचा

सिंहपुर, अमेठी। मंगलवार को उप निरीक्षक जावेद अहमद व कांस्टेबल अंकित यादव वांछित चल रहे आरोपियों की तलाश में अभियान चला रखा था। उसी दौरान सेवालाल पासी पुत्र राम सेवक पासी निवासी ग्राम काजियाना मोहल्ला को एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ दलसरैया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। असलहे के सात हिरासत में लिए गए आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### उल्लंघन करने वाले अराजकतत्वों पर की जाएगी कार्रवाई

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु यातायात पुलिस एवं जनपद के थानो को ब्रेथ एनालाइजर, वॉडी वार्न कैमरा, डैशबोर्ड कैमरा, थर्मल प्रिन्टर आदि उपकरण प्रदान किये जायेगें। जिनके माध्यम से यातायात पुलिस व जनपद के थानो द्वारा बाजारों, मुख्यमार्गों, चौराहों आदि पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, जैसे- शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज गति से वाहन चलाने वालों, बाइक स्टंट, हुडदंग करने वालों आदि के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### एक्सरे मशीन लगने से लाखों की आबादी को मिलेगी राहत

फुरसतगंज, अमेठी। बहादुरपुर विकास खंड की 34 ग्राम पंचायतों की एक लाख 80 हजार आबादी के बीच स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे समय से एक्सरे मशीन की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। जिसके लिए स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह से कहा गया था। जिनके प्रयास से लंबे समय से चली आ रही एक्सरे मशीन की मांग पूरी हुई और मशीन उत्तर प्रदेश कार्पोरेशन द्वारा सीएचसी फुरसतगंज पहुंचाई गई। सीएचसी अधीक्षक डा. एचपी यादव ने बताया कि इस मसीन की कीमत लगभग 17 लाख रुपये है। एक्सरे मशीन के अस्पताल में लग जाने से क्षेत्र की जनता को 15 किलोमीटर दूर एवं निजी अस्पतालों के शोषण का शिकार नहीं होना पड़ेगा। अधीक्षक ने कहा कि अभी यहां रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं है।

### अभियान चलाकर 14 फरार आरोपियों को दबोचा

अमेठी। अमेठी जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर फरार चल रहे 14 अरोपियों को दबोचा है। हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। लोक सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अमेठी पुलिस एक्टिव मोड़ में है। एक तरफ जहां अराजकतत्वों पर शिकंजा कसने में जहां कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। वहीं विभिन्न केसों में फरार चल रहे आरोपियों पर भी शिकंजा कसने में लापरवाही नहीं बरत रही है। मंगलवार को जिले की जामों पुलिस एक, अमेठी पुलिस 2, जगदीशपुर पुलिस 5, बाजारशुक्ल पुलिस 4, पीपरपुर पुलिस एक व भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने एक फरार चल रहे आरोपियों को दबोचा है।

### 15 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

अमेठी। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने सुबेहा बार्डर के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक युवक को 15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक राम करन प्रसाद मय हमराही विनय सिंह जंग बहादुर यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर हेमराज पुत्र रामकुमार निवासी डहरुवा, पाकरगांव थाना मोहनगंज (29) को सुबेहा बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को पकड़े गये युवक के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

### दुर्घटना का कारण बन रहा विद्युत पोल

भेटुआ, अमेठी। टिकरी गांव से निकलकर घुरहा के नया गांव होते हुए बरतला अमयमाफी में मिलने वाली सड़क पर विद्युत पोल आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहा है। बीते दिनों सड़क सुधार होने से राहगीरों का आवागमन इस मार्ग पर बढ़ गया है। अपेक्षा कृत कम दूरी से गंतव्य तक पहुंचाने वाले मार्ग पर आवागमन भले ही बढ़ गया हो लेकिन बिजली कर्मचारियों के लिए अभी सब ठंडे बस्ते में ही है। क्षेत्र के सुमित साहू, चंद्रभान, शैलेंद्र सिंह के साथ तमाम लोगों ने बताया कि इस पोल को सड़क से हटाया जाना नितांत आवश्यक है।

# भाजपा के चुनावी गणित में अब एक-एक मत पर दृष्टि के लिए फार्मूला

ऊंचाहार, रायबरेली

### महिला अध्यक्ष का अभिनंदन

बैठक के दौरान नवनियुक्त महिला मोर्चा की अध्यक्ष निशा तिवारी का अभिनंदन किया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में हमारी महिला टीम और शक्ति के साथ काम करेगी

अमृत विचार। लोकसभा चुनावी की रणभेरी बजने के साथ अब भाजपा एक-एक मत को अपने पाले में लाने की गणित पर काम करने जा रही है। मंगलवार को पार्टी के मोर्चा संगठनों की बैठक में नेताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को चुनावी गणित समझकर उन्हे इसी फार्मूले पर काम करने को कहा है। सैनी उत्सव लॉन में आयोजित बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, लोकसभा संयोजक रामदेव पाल, विधान सभा संयोजक राकेश भदौरिया और मंडल प्रभारी आनंद तिवारी ने पार्टी की चुनावी रणनीति सामने रखी और इस पर अमल करने की जरूरत बताई।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम बूथ जिताने का फार्मूला छोड़कर हर मत हमारा मत के फार्मूले पर काम करना होगा। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि जिस तरह प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय संकल्प के साथ चुनाव लड़ा जा रहा है। उसी तर्ज पर हर बूथ जीतने का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में उतरा जायेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल, पूर्व प्रधान चुन्नू सिंह, प्रधान सुधीर गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, राजकुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जमीन खाली कराने की लगाई गुहार, लेखपाल ने दे दी घर गिराने की नोटिस

लेखपाल का कारनामा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। शिवालय की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए मंदिर के सेवादार ने राजस्व विभाग से गुहार लगाई तो लेखपाल ने उसी का घर गिराने का नोटिस भेज दिया। अब पीड़ित अपने साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध कलेक्ट्रेट में धरना देने की चेतावनी दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव में एक पुराना शिवालय है, इस शिवालय के सेवादार गांव के ललित कुमार है। उनका कहना है कि शिवालय की जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिसकी उन्होंने एसडीएम के यहां शिकायत की थी। शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने उसका घर गिराने का नोटिस भेज दिया है। जबकि जिस जमीन पर उसका घर बना है, उस जमीन पर करीब तीस अन्य लोगों के घर है, किंतु केवल उन्हें ही नोटिस दे दी गई है। यही नहीं शिवालय की जमीन को बिना मुक्त कराए ही लेखपाल ने जमीन मुक्त कराए जाने की आख्या रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है। लेखपाल की करतूत से परेशान पीड़ित ने धमकी दी है कि यदि उसके साथ अन्याय को नहीं रोका गया तो वह एक अप्रैल से जिला कलेक्ट्रेट में धरना पर बैठेगा।

# तेज व भड़काऊ गाना बजाने पर डीजे वाले 'बाबू' जायेंगे जेल



चुनाव आचार संहिता को लेकर डीजे संचालकों को निर्देशित करती सीओ वंदना सिंह।

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। डीजे वाले बाबू जरा गाना बजा दो.. किसी के कहने पर निर्धारित आवाज से तेज गाना बजाने पर डीजे वाले 'बाबू' को हवालात की सैर करनी पड़ सकती है। आचार संहिता लागू होने पर अब आयोजकों और डीजे वाले बाबू की मनमर्जी नहीं चलेगी। किसी पार्टी के पक्ष में या फिर भड़काऊ गाना बजाया तो पुलिस डीजे मालिक और आयोजन करने वालों पर केस भी दर्ज करेगी।

पुलिस-प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव की युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। सीओ सलोन वंदना सिंह सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर तमाम व्यवस्थाएं कर रही हैं। सीओ की आचार संहिता लागू होने के बाद बाद पड़ने वाली होली और रमजान के त्योहार के आयोजनों पर भी पैनी नजर है। धार्मिक आयोजनों की आड़ में डीजे सिस्टम पर तेज आवाज गाना बजाया जाता है जिससे जहां हृदय के रोगियों को भी मुश्किलें आती हैं। वहीं कई बार माहौल खराब होने की संभावना हो जाती है। इस तरह माहौल खराब करने वाले डीजे वाले बाबुओं पर पुलिस की कड़ी नजर है। ऐसे में पुलिस की ओर से इन पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है।

> तेज आवाज व भड़काऊ गाना बजाने पर जहां हृदय रोगियों को दिक्कतें होती हैं वहीं माहौल भी खराब होता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए डीजे मालिकों को नोटिस देते हुए कड़ी चेतावनी दी जा रही है।
> -वंदना सिंह, सीओ सलोन

सीओ सलोन ने सर्किल क्षेत्र में सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के डीजे साउंड सिस्टम मालिकों के नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वो कहां पर डीजे बजाएंगे, उसकी सूची डीजे मालिक को पहले ही पुलिस को उपलब्ध करानी होगी। आयोजन की सूचना भी पुलिस को पहले से उपलब्ध करानी पड़ेगी।

# कृषि यंत्र किसानों के लिए किसी वरदान से कम नही : अजय

सलोन, रायबरेली



कार्यक्रम को संबोधित करते कंपनी के अधिकारी।

अमृत विचार। कृषि यंत्र आज किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन मशीनों की सहायता से किसान अपना कृषि कार्य आसानी से पूरा कर पाते हैं। जिसमे ट्रैक्टर यन्त्र का महत्वपूर्ण योगदान है। उक्त वक्तव्य एस्कॉर्ट्स पॉवरट्रैक ट्रैक्टर के निर्माता कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के न्यू ट्रैक्टर लॉन्च कार्यक्रम में आरसीएम अजय प्रताप मिश्र ने कही है।

कैम्प में दो सौ से अधिक किसानों ने अपने ट्रैक्टरों के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रविंद्र सिंह ने लॉन्च किए जाने वाले नए ट्रैक्टर डिजी ट्रैक 46 आई पीपी मॉडल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की है। इस अवसर पर सतगुरु एजेंसीज सलोंन से दलजीत सिंह, अंशवीर सिंह तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा के एरिया बिजनेस मैनेजर लक्ष्मण वर्मा एवं अजीत यादव, एरिया सर्विस मैनेजर भी मौजूद थे।

# शहरों में फाग परम्परा को साउंड सिस्टम ने छीना

▸▸ गांवों में परम्परा को आगे बढ़ा रहे बुजुर्ग और युवा

सतांव, रायबरेली।

### फगुआ गीतों पर युवा भी थिरके

देर रात तक चले इस कार्यक्रम में ढोलक की थाप, झींकों की झंकार पर फाल्गुनी गीत गाते फगुआरे मदमस्त नजर आये वहीं करीब सौ की संख्या में मौजूद युवा भी पूरे जोश के साथ जमकर थिरके। फगुआरों के अगुवाकार मिश्रखेड़ा गांव निवासी सेवानिवृत्त इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य केके तिवारी ने कार्यक्रम के उपरान्त कहा कि यदि सुधीर जैसे दो चार युवा हर गांव में तैयार होते रहे तो हमारी फाग गायन की यह प्राचीन विधा कभी समाप्त नही हो पायेगी।

अमृत विचार। करीब एक दशक पूर्व तक फाल्गुन माह के आरम्भ और होली के पर्व की आहट होते ही ढोलक की थाप और झीकों की झंकार पर गांव-गांव गली-गली फाल्गुनी गीतों से गुंजायमान हो जाते थे, लेकिन आधुनिकता के दौर में जहां शहरी क्षेत्रों में फाग गायन की विधा लगभग विलुप्त हो चुकी है।

वही ग्रामीण अंचल में भी यह विधा धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। गांव में जहां इस परम्परा को जीवंत रखने के लिए लोग व्याकुल रहते है। वही शहरों में लोग साउंड सिस्टम तक ही सीमित हो गए है। आधुनिक समय में फाग गायन की इस विधा के समाप्त होने का प्रमुख कारण आज की युवा पीढ़ी का अपनी संस्कृति और सभ्यता से विमुख होना है।

ग्रामीण अंचल के वरिष्ठजनों द्वारा अभी यह प्रथा जीवन्त है लेकिन यदि युवाओं का इस विधा को सीखने के प्रति रुझान न बढ़ा तो आने वाली पीढ़ियों के लिए फाग गायन विधा सिर्फ किताबों में सिमट कर रह जायेगी। युवाओं में चेतना जगाने और फाग गायन की विधा को सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के ओनई गांव निवासी सुधीर मौर्या ने इस परम्परा को जीवंत रखने के लिए कदम निकाले है। ओनई और शेखापुर गांव के फगुआरों की टोलियों ने हिस्सा लिया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

लोसा निर्वाचन 2024

अमृत विचार। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को तहसील तिलोई सभागार में विधानसभा तिलोई क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था। वहां के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा तिलोई अंतर्गत 74 मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था।

जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि मतदाता सूची से किसी वोटर का नाम छूटने न पाए। आपके क्षेत्र में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में अभी तक जुड़ा नहीं है उनका नाम जोड़ दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल को यदि कोई युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा हो तो उसका नाम भी सूची में जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि 1 जनवरी के साथ ही इस बार आयोग द्वारा 1 अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों का नाम सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वोटर लिस्ट को अच्छी तरह से पढ़ लें यदि आपके क्षेत्र में किसी का नाम छूटा हो तो उसका फॉर्म 6 भरकर नाम जुड़वाएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में किसी भी वोटर का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान से पहले शत प्रतिशत मतदान पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि मतदान पर्ची सीधे परिवार के किसी सदस्य को दी जाए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद अमेठी में 20 मई को मतदान होना है।

# इलेक्ट्रीशियन को प्रधान पुत्र और गनर ने पीटा, केस दर्ज

संवाददाता, अमेठी। मुंशीगंज कोतवाली अंतर्गत गुंगवाछ गांव में सोमवार को दोपहर बाद ग्राम प्रधान के बेटे और गनर ने एक इलेक्ट्रीशियन को बुरी तरह पीट दिया। इलेक्ट्रीशियन ने फोन काल पर तुरंत ग्राम प्रधान के घर जाकर विद्युत उपकरणों की मरम्मत करने से मना कर दिया था। आरोप है कि ग्राम प्रधान के बेटे और गनर ने इलेक्ट्रीशियन को बुरी तरह पीटने के बाद थाने से पुलिस बुलाकर उसे पुलिस कर्मियों के हवाले कर दिया। पुलिस ने सीएचसी ले जाकर उसका मेडिकल कराया। इलेक्ट्रीशियन ने रिपोर्ट दर्ज करने को कोतवाल को प्रार्थना पत्र दिया है।

अनीस अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, ग्राम टीकरमाफी थाना संग्रामपुर का निवासी है। आरोप है कि अनीस को सोमवार को ग्राम प्रधान आशा तिवारी के बेटे और गनर मिलकर जबरन अपने घर ले गए और वहां बुरी तरह पीटा। पिटाई से अनीस को गंभीर चोटें आईं हैं। अनीस अहमद मंगलवार को सुबह टीकरमाफी में एक चाय की दुकान पर लोगों से ग्राम प्रधान की दबंगई और अपनी चोटों के विषय में जानकारी दे रहा था। मौके पर पहुंचे संवाददाता को अनीस ने बताया कि ग्राम प्रधान को उसने तुरंत काम करने से मना कर दिया, इस कारण उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और अधमरा करके पुलिस को सौंप दिया था। अनीस ने बताया कि सोमवार को दो बजकर तीन मिनट पर उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को प्रधान का गनर बताया और कहा कि प्रधान जी की लाइट और इन्वर्टर ठीक करना है।

मैंने उनसे कहा कि आज कुछ आवश्यक कार्य से घर जा रहा हूं ,आज नहीं आ सकता। अनीस ने बताया कि फोन कटने के बाद जैसे ही चौराहे पर पहुंचा। उसी दौरान चार पहिया वाहन पर बैठे लोगों ने उसका रास्ता रोक कर जबरन गाड़ी में बैठा लिया और ग्राम प्रधान के घर ले गए।

गनर ने बंदूक की बट से उसकी पीठ पर कई प्रहार किया। गनर की पिटाई से उसके गुप्तांगों को भी चोट पहुंचाई गई। आरोप है कि प्रधान के घर पर गनर और उनके बेटे ने मिलकर उसकी शरीर पर सैकड़ों लाठियां बरसाईं। बेरहमी से पिटाई के बाद बेहोशी हालत में कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उसे थाने लेकर गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर मेडिकल कराया। पुलिस ने बताया कि घटना मेरे संज्ञान में है। ग्राम प्रधान के बेटे और अन्य लोगों ने गलती की है। पुलिस ने ही युवक का अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। केस दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस की गाड़ियां गुजरती रहीं और जलती रहीं दुकानें

मुंशीगंज, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के परतोष पुलिस चौकी अंतर्गत परतोष तिराहे सोमवार की रात अराजक तत्वों ने मड़हायुक्त एक चाय-पान की दुकान सहित चार अन्य दूकानों के छप्पर में आग लगा दिया। जिससे उसमें रखा हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

पूरे माल का पुरवा (सरूवांवा) गांव निवासी कृष्ण कांत तिवारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि काफी दिनों से वह गुमटी में चाय-पान की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। प्रतिदिन तरह ही वह रविवार को देर शाम दुकान को बंद कर घर चला गया। देर रात आस-पास के लोगों ने सूचना दिया कि दुकान में आग लगी है। जब तक वह भागकर आता तब तक दुकान आग की भेंट चढ़ चुकी थी। आग की चपेट में आकर दुकान में रखे लगभग दो हजार रुपये के सामान व बर्तन जल गए। परतोष तिराहे पर मड़हे के नीचे टिकिया चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का खर्चा चलाने वाले पूरे कंहारन (सरुवांवा) गांव निवासी संजय कश्यप ने बताया कि छप्पर में आग लगने से ठेला भी जल गया है। साथ ही अराजक तत्वों ने अण्डे की दूकान करने वाले बैजनाथ कश्यप, सब्जी दूकानदार मूलचंद शर्मा तथा भाजपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोक चंदी के प्लांट पर रखे छप्पर में आग लगने से उसमें रखे तखत, चारपाई व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि तिराहे से डायल 112 पुलिस जलती हुई दूकानों को देखा और चली गई। स्थानीय चौकी की पुलिस भी रात में नहीं आयी। चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई आगजनी की घटना से स्थानीय दुकानदार दहशत में है।

## साइबर अपराध से बचने के लिए किया जागरूक

अमेठी। साइबर अपराध से बचने हेतु साइबर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मनीषी महिला महाविद्यालय की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को जागरुक किया गया। साइबर थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग फोन काल एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी या यूपीआई, एटीएम पिन किसी को न बताये। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि एसएमएस या व्हाट्स एप पर आये किसी भी लिंक या अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक में पंजीकृत मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड नम्बर आदि दर्ज न करें।



**रोजा**

सहरी : 04.55 बजे, गुरुवार

इफ्तार : 06.21 बजे, बुधवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# चुनाव में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : जिला मजिस्ट्रेट

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को दी चेतावनी, कहा- 5 जून तक जिले में लागू रहेगी धारा 144

हरदोई



बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह साथ में सीडीओ सौम्या गुरुनानी।

**अमृत विचार।** जनमानस की पूर्ण सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद में तत्काल प्रभाव से 16 मार्च से पांच जून तक धारा 144 लागू की जाती है। उक्त अवधि में आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करने वालों पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है और वर्तमान में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है तथा 13 अप्रैल को मतदान और चार जून को मतगणना निर्धारित है। इसके अतिरिक्त 24, 25 एवं 26 मार्च को रंग पर्व होली का त्योहार एवं 11 अप्रैल को ईल-उल फितर और अप्रैल में चैत्र नवरात्रि मनाया जायेगा।

उन्होंने कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में गड़बड़ी व अव्यवस्था फैलाए जाने की किसी भी आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है और असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक स्थलों पर धार्मिक भावना उकसाने, धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि करते हुए अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिए जनमानस की पूर्ण सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद में तत्काल प्रभाव से 16 मार्च से पांच जून तक धारा 144 लागू की जाती है। जिला मजिस्टेट ने कहा है कि इस दौरान जनपद के सभी लोगों, राजनैतिक दलो, चुनाव लड़ने वाले प्रत्योशियो, संस्थाओं आदि द्वारा लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता का अक्षरशः पालन किया जायेगा और कोई भी व्यक्ति एवं संस्था किसी जाति, धर्म, भाषा व समुदाय के प्रति कोई आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं करेगें और किसी राजनैतिक दल द्वारा मंदिर, मस्जिद, चर्च एवं अन्य पूजा स्थलों पर निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और कोई प्रत्यासी आदि किसी मतदाता को घूस देने, शराब, साड़ी, कपड़े, पैसा, बर्तन आदि नहीं बांटा जायेगा और न ही किसी मतदाता को डराया डमकाया जायेगा। उन्होने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी प्रत्यासियों को जुलूस, प्रदर्शन, चौपाल एवं वाहन संचालन आदि गतिविधियों के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने मकान अथवा परिसर में ईंट, रोड़ा, पत्थर आदि इकत्रित नही करेगें और न ही सार्वजनिक स्थानों एवं परिवहन बसों में विस्फोटक लेकर चलेगें और सार्वजनिक सम्पत्ति सड़क, रेलवे लाइन, बस को क्षतिग्रस्त नहीं किया जाये एवं मार्गों को अवरूद्ध नही किया जायेगा। जिला मजिस्टेट ने कहा है कि उक्त अवधि में आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करने वालों पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

### मतदान से वंचित न रहें दिव्यांग : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं और सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प के साथ दिव्यांगों के लिए सुविधाजनक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सक्षम ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये जिसके माध्यम से दिव्यांग मतदाता सुविधाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग आइकॉन से माध्यम से अन्य दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया जाये। उनकी ओर से दिव्यांग मतदाताओं को सन्देश दिलाया जाये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था करायी जाये।

### परीक्षा को नक़लविहीन व शुचितापूर्ण संपन्न कराएं

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार आश्रम पद्धति स्कूलों में प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि ने परीक्षा केन्द्र का निर्धारण जल्द करा लें और परीक्षा को नक़ल विहीन व शुचितापूर्ण संपन्न करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ओवरलोडिंग पर लगाम लगाए परिवहन विभाग

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन एवं पुलिस विभाग मिलकर ओवरलोडिंग पर लगाम लगाये तथा स्कूलों में समय-समय पर सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कार्यक्रम कराये जाएं और बस व ट्रक चालकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया जाये। हेलमेट के लिए लोगों को प्रेरित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### होली पर व्यापारियों को बंदी से मिलेगी छूट

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** होली के पर्व को देखते हुए उप जिलाधिकारी संडीला तान्या सिंह ने बताया कि श्रम आयुक्त को पत्र भेजा गया है, जिसमें उन्होंने मौखिक रूप से दुकान खुलने का आदेश दिया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि नगर अध्यक्ष मुकेश गुप्ता के आवास पर व्यापारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में होली के विषय में चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मत यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह होली पर्व के पहले पड़ने वाले बुधवार को बाजार खुली रहेगी। इस मौके पर प्रदीप कुमार जायसवाल, महेंद्र कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अतुल जायसवाल, गयाधर तिवारी, आकाश गुप्ता, रितेश मेहरोत्रा, संगीत सोनी सहित अन्य व्यापारी गण मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान सि0 जज सी0डि0 महोदय हरदोई**

(1) प्रसून अग्निहोत्री पुत्र जय प्रकाश अग्निहोत्री
(2) श्रीमती प्रतिभा देवी पत्नी ओम नरायन त्रिवेदी
(3) श्रीमती प्रियंका अग्निहोत्री पत्नी अजीत कुमार
(4) कु0 प्रग्या पुत्री जय प्रकाश अग्निहोत्री
सर्व नि. ग्राम- म्योढ़ा परगना साण्डी तह0 सवायजपुर जिला हरदोई
... प्रार्थीगण

**बनाम**

(1) जायदाद मृतक ऊषा देवी पत्नी जय प्रकाश अग्निहोत्री नि0 ग्राम म्योढ़ा परगना- साण्डी तह0 सवायजपुर जिला हरदोई
(2) प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा साण्डी जिला हरदोई
(3) कलेक्टर महोदय हरदोई
(4) सर्व साधारण
... विपक्षी

**प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट 151 मुकदमा नम्बर 23**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मृतक ऊषा देवी में प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है और उक्त प्रार्थना पत्र जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 19/04/2024 नियत है। अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत जायदाद ऊषा देवी मृतक की बावत जो कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक 19/04/2024 प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में कोई उत्तर नहीं सुना जायेगा। आज बतारीख 19/03/2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से- न्यायालय

### एक नजर

#### कालिका देवी मन्दिर से शुरू किया गोमती अभियान

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** 'मैं तुम्हारी गोमती हूं' अभियान आजकल नैमिषारण्य की चौरासी कोसी परिक्रमा क्षेत्र में चल रही है। अभियान के संयोजक सुशील सीतापुरी ने कोथावां क्षेत्र के पुरानी गोमती तट पर स्थित कालिका देवी मंदिर से यात्रा का प्रारंभ किया। इसके बाद उन्होंने तराई के ब्रह्मदेव, दुखभंजन टीला, बाबा शम्भूनाथ तथा दुर्गा माता मंदिर का भ्रमण कर स्थानीय निवासियों से इनके बारे में जानकारियां हासिल कीं। इस दौरानसुशील सीतापुरी ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से "मैं तुम्हारी गोमती हूं" अभियान चला रहे हैं। लखीमपुर-खीरी के चपरतला की स्वयंसेवीसंस्था सेवा सदन की ओर से संचालित इस अभियान के तहत गोमती नदी के घाटों, मंदिरों, मेलों, परंपराओं तथा गोमती के निकटवर्ती गांवों के जनजीवन का सर्वेक्षण और संकलन किया जा रहा है।

#### चौथे दिन जांची गईं 50 हजार से अधिक कापियां

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले के तीन मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। जीआईसी में इंटरमीडिएट तथा आरआर, वेणी माधव विद्या पीठ में हाईस्कूल की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज पर इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। मंगलवार को 19,191 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। वहीं आरआर कालेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। 18,445 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कालेज में हाईस्कूल की 19,277 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

## पति की बात न मानने पर दिति को हुई थी राक्षसी संतान

हरदोई

**अमृत विचार।** भक्त प्रहलाद एवं श्रीराम कथा कथा के द्वितीय दिवस में श्री व्यास जी ने बताया कि कशिपु और दिति के यहां दो पुत्र उत्पन्न हुए एक हिरणाक्ष दूसरा हिरण्यकशिपु। उन्होंने बताया कि दिति ने अपने पति की बात नहीं मानी और शिवजी का अपराध किया एवं असमय संतान प्राप्ति का साधन किया तो राक्षसी संतान उत्पन्न हुई।

शास्त्र निवेदन करता है कि कुछ चीजें गलत समय करने से परिणाम भी गलत देती हैं। अतः शास्त्र विरुद्ध कर्म से बचना चाहिए। उसके उपरान्त दिति ने उन संतानों को उत्पन्न नहीं होने दिया। 100 वर्ष उपरान्त श्री नारायण के वचन देने पर पुत्र हुए। यही पुत्र बहुत बड़े दैत्य हुए। प्रथम पुत्र हिरण्याक्ष हुआ जिसका उद्धार श्री वाराह अवतार लेकर नारायण ने किया। अपने भाई की मृत्यु पर दिति ने बहुत रुदन किया तब हिरण्यकशिपु ने मां को समझाकर शांत कराया। इस मौके पर भक्त प्रह्लाद कथा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह आजाद, सुशील अवस्थी छोटे महाराज, अध्यक्ष सहकारी क्रय विक्रय समिति, उदय अग्रवाल, मदन मोहन पांडेय, कल्पना दीदी, सुधीर अवस्थी, विवेक सिंह सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

## कचूरा गांव वालों ने ली मतदान की शपथ

शाहाबाद, हरदोई



कचूरा ग्राम वासियों को वोट डालने की शपथ दिलातीं एसडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे फाटक बंद होने से नाराज कचूरा गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी प्रशासन द्वारा जबरदस्ती कुछ वोट डलवाए गए थे, जिससे जनपद में कचूरा का सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा। ग्रामवासी लगातार रेलवे फाटक खोलने की मांग कर रहे हैं।

मंगलवार को शाहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम कचूरा में एसडीएम प्रभारी निरीक्षक, तहसीलदार तथा अन्य प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचीं और गांव ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी और होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलवाई। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2019 में ग्राम कचूरा में ग्रामवासियों ने रेलवे फाटक ना खोले जाने के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया था। प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा था। कुछ दिन पूर्व प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामवासियों के साथ बैठक की थी। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा भी ग्राम पहुंचे और बहिष्कार की खबर पाकर ग्राम वासियों से वोट डालने की अपील की। मंगलवार को दोपहर तीन बजे एसडीएम पूनम भास्कर द्वारा ग्राम वासियों से अपील की गई कि वह सभी बढ़ चढ़कर इस बार 2024 के चुनाव में मतदान करें। उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को मतदाता शपथ दिलाई गयी। ग्राम वासियों द्वारा अनुरोध किया गया कि उनके ग्राम की सड़क को बनवा दिया जाए जिस वे सभी मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस पर एसडीएम द्वारा उनको आश्वस्त किया गया कि उनकी बात शासन प्रशासन तक भेजी जाएगी और उनकी सुविधाओं को दिलवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

अंत में सभी को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शपथ दिलाई गई कि इस बार सभी लोग मतदान कर अपने बूथ का मतदान प्रतिशत सबसे अच्छा करके दिखाएंगे।



मुजफ्फरनगर में गोली मारकर साथी की हत्या के विरोध में मंगलवार को नुमाइश चौराहे पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

### मुजफ्फर नगर में गोली मारकर साथी की हत्या पर भड़के शिक्षक किया प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** मुजफ्फर नगर में शिक्षक की हत्या से आक्रोशित शिक्षकों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। इससे मूल्यांकन कार्य बाधित रहा। बताते चलें कि मुजफ्फरनगर में एक शिक्षक की सिपाही द्वारा हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड से माध्यमिक शिक्षक आक्रोशित है। मंगलवार को मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों ने मूल्यांकन का बहिष्कार कर नुमाइश चौराहे पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। माध्यमिक शिक्षकों ने कहा कि घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया तो शिक्षक मूल्यांकन कार्य नहीं करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस घटना से शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। सरकार को अविलंब आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भयमुक्त सरकार का दावा करने वाली सरकार शिक्षकों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक शिक्षक प्रदर्शन करते रहेंगे।

## जरूरतमंदों के मददगार बने बच्चे रोजेदारों को राशन व बांट रहे किट

पिहानी, हरदोई



होली के लिए रंग-गुलाल बांटते स्कूल के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माह-ए-रमज़ान में सभी इबादत कर अल्लाह को राज़ी करने में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ होली की तैयारी भी ज़ोरों पर हैं। रोज़े तो रखे जा रहे हैं, वहीं नफ्ली इबादत भी खूब की जा रही है। इसके साथ ही कोई भी सवाब कमाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहा है। ऐसे में ताहिर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिंदू-मुस्लिम की मदद कर एक गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की है।

एक तरफ वह इबादत कर नेकी कमाने में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर वह ज़रूरतमंदों के मददगार भी बने हैं। जिस घर में राशन की ज़रूरत है, उन्हें राशन मुहैया करा रहे हैं, वहीं जिसे दवा या दूसरी ज़रूरतें हैं, उसका इंतजाम भी कर रहे हैं। ये छात्र-छात्राएं अकेले मदद करने के साथ ही टोलियों में भी लोगों की ज़रूरत को पूरा करने में लगे हुए हैं।

हेल्पिंग हैंड्स मुहिम के द्वारा ताहिर पब्लिक स्कूल में तीसरी बार रोजेदारो को राशन सामग्री और हिन्दुओं को होली किट बांटी जा रही है। छात्र-छात्राओं ने ज़रूरतमंदों को चना, मटर, तेल, दूध, ब्रेड, बंद, रस, आटा, बेसन, शकर, चाय पत्ती, पापड़, खजूर आदि होली किट में नन्हे मुन्ने बच्चों को पिचकारी, गुलाल, पक्का रंग, स्प्रे, फॉग कलर, बिस्किट, पापड़, तेल, मास्क, पानी गुबारे आदि चीज़े मुहैया कराई। ये किट करीब 20 मुस्लिम परिवार एवं 20 हिन्दू परिवार के लोगों को स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रोज़ाना अपने जेब ख़र्च से बचत कर उपलब्ध कराई है। कार्यक्रम में प्रबंधक सैफ ज़ैदी, प्रधानाचार्य प्रवीण पांडे, संजीव समर सर, नाज़िया, गीता, एकता, कृतिका, आरिफा व शौज़ब ज़ैदी ज़िलाध्यक्ष मिशन सुरक्षा परिषद व अध्यक्ष शिया नेशनल फ्रंट छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद रहे।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989






















**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### घर जा रहे दुकानदार से रुपये व मोबाइल छीने

**माधौगंज, हरदोई।** दुकान बंद कर साइकिल से घर जा रहे दुकानदार से बाइक सवारों ने बैग में रखे रुपए व मोबाइल छीन कर रफ्फू चक्कर हो गए। थाना क्षेत्र के ग्राम सराय ऊद निवासी नीतेश कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि कस्बे के सदर बाजार रोड पर डाकखाने के पास रेडीमेड की दुकान है। रविवार की शाम समय लगभग साढ़े सात को दुकान बंद कर अपने गांव साइकिल से जा रहा था। गौरा रोड पप्पू माहेश्वरी के भट्टे के पास मोटर साइकिल से सवार तीन अज्ञात लोगों ने उनका मोबाइल व बैग जिसमें कपड़े की बिक्री के रखे 22,210 रुपए छीन कर भाग गए। हल्का इंचार्ज सूर्यमणि यादव ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

### मधुमक्खियों ने किसान पर किया हमला, हालत गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में एक किसान खेत में पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था, तभी अचानक मधुमक्खियां का झुंड आ गया और किसान पर हमला कर दिया, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल किसान श्रीकृष्णा 55 वर्ष पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम बेहटी खुर्द जो गांव के बाहर खेत की सिंचाई कर रहा था, तभी अचानक एक बड़ा झुंड मधुमक्खियां का आ गया और किसान पर हमला कर दिया, जिससे किसान घायल हो गया। परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा किसान का उपचार किया जा रहा है।

### शराबी ने बीच सड़क पर किया ड्रामा, लगी रही भीड़

**हरदोई।** शराब का सुरूर चढ़ने के बाद शराबी इतना बदहवास हो गया कि साइकिल पर बैठे-बैठे बीच सड़क पर लुढ़क पड़ा। उसे इस हालत में देखने वाले राहगीरों के कदम जहां के तहां ठिठक गए। नतीजतन जाम जैसे हालात बन गए। दरअसल हुआ यूं कि मंगलवार को एक युवक साइकिल से चांद बेहटा शराब ठेके पर पहुंचा, उसने वहीं बैठ कर शराब पी, धीरे-धीरे नशा चढ़ा तो वह होश खोने लगा, साइकिल पर सवार हुआ, लेकिन बीच सड़क पर पहुंचते ही लुढ़क पड़ा और वहीं पड़ी साइकिल पर ड्रामा करने लगा।

# जनता को कराया सुरक्षा का एहसास

**हरदोई**



शहर में गश्त करते पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी व पुलिस बल।

**अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आम जनमानस से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात निरीक्षक व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

पाली संवाददाता के अनुसार नगर में आगामी लोकसभा चुनाव के मुद्दे नजर रखते हुए शाहाबाद सीओ अनुज मिश्रा के नेतृत्व में पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस बल ने फ्लैग मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस फोर्स ने नगर के विभिन्न मोहल्ले में फ्लैग मार्च कर पूरे कस्बे में भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस फोर्स ने संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव में उपद्रव करने वालों की अब खैर नहीं, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से तैयार है। सीओ शाहाबाद ने थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अराजकतत्वों पर अपनी नजर बनाए रखें। अगर कोई भी व्यक्ति कानून के साथ खिलवाड़ करना चाहता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने नगर के विभिन्न अति संवेदनशील बूथों पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने को लेकर मंझिला पुलिस ने क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च किया और लोगों में भय मुक्त वातावरण में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करने का संदेश दिया। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा के नेतृत्व में मंझिला पुलिस ने थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पैदल भ्रमण किया और लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने बताया चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैदी से डटा हुआ है। निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सभी तैयारियां कर रखी हैं पुलिस लगातार गोष्टी और संपर्क माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए अपील कर रही है। इस मौके पर मंझिला थाना प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार मंगलवार को उपजिलाधिकारी ने पुलिस बल के साथ कई स्थानों का फ्लैग मार्च किया। उप जिलाधिकारी बिलग्राम गरिमा सिंह ने बताया कि विगत दिवस लोक सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने सुनील शर्मा, क्षेत्राधिकारी बिलग्राम, ध्रुव कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगंज तथा बीएसएफ की बटालियन व अन्य पुलिस बल के साथ ग्राम गौरा, बघियारी, जेहदीपुर व कस्बा माधौगंज का फ्लैग मार्च व ऐरिया डामिनेशन किया गया।

# चचेरे साले ने बहनोई को दी चुनौती

**प्रभात अस्थाना, संडीला, हरदोई**

### बसपा ने अभी नहीं उतारा प्रत्याशी



भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत एवं सपा प्रत्याशी मनोज कुमार अर्कवंशी।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। अभी कुछ सीटों पर राजनीतिक दलों ने अभी अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, जबकि कुछ सीटों पर राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है।

हरदोई लोकसभा के मिश्रिख सीट से समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी को बदल दिया है। समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख सीट से पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी को अपना उम्मीदवार बनाया था। रामपाल राजवंशी मिश्रिख से भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के चचिया ससुर है। इस बाबत शहर में इस बात की काफी सुर्ख़ियां थी। लोग ससुर दामाद के बीच सीधी टक्कर की बातें कर रहे थे। इस बीच तमाम अटकलें सामने आ रही थी कि मिश्रिख सीट से समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया है जो कि अब स्वास्थ्य खराब होने के कारण लोकसभा चुनाव लड़ना नहीं चाह रहे हैं।

मिश्रिख सीट से समाजवादी पार्टी ने लोगों की अटकलें पर विराम लगाते हुए पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी के पुत्र मनोज कुमार राजवंशी को लोकसभा का टिकट दे दिया है। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार राजवंशी भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के उम्मीदवार अशोक रावत के चचेरे साले है। अब मिश्रिख सीट पर चचेरे साले और बहनोई के बीच सीधी जंग मानी जा रही है।

बीजेपी से उम्मीदवार सांसद अशोक रावत ने संडीला नगर की जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए एक ओवर ब्रिज की सौगात दे दी है। वहीं समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार राजवंशी दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। वर्तमान में मनोज कुमार राजवंशी जिला पंचायत सदस्य के पद पर काबिज है वही गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष भी है। मनोज कुमार राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी जिला पंचायत सदस्य पद पर हैं।

मनोज कुमार राजवंशी ने ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुहेलदेव समाजवादी पार्टी से विधानसभा का चुनाव लड़ा है जिसमें मनोज कुमार राजवंशी को क्षेत्र से 90 हजार वोट प्राप्त हुए थे।

मिश्रिख लोकसभा सीट से अभी तक सीधा मुकाबला बहनोई और चचेरे साले के बीच है। अब देखना होगा कि इस कड़े मुकाबले में किस पर जनता अपना भरोसा जताती है।

जबकि बसपा ने अभी तक कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है यदि बसपा ने कोई चर्चित चेहरा उतार दिया तो मिश्रिख लोकसभा में दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद है।

# पत्नी व उसके प्रेमी ने सो रहे पति को मारी गोली, मौत

## दोस्ती करने के बाद पत्नी व बेटी को लेकर भाग गया था आरोपी युवक, वापस भेजने का दबाव बनाने पर की हत्या

**हरदोई**

**अमृत विचार।** घर में आने-जाने के दौरान युवक ने दोस्त की पत्नी से प्रेम संबंध बना लिए। इसके बाद दोस्त को धोखा देते हुए उसकी पत्नी को बेटी के साथ लेकर फरार हो गया। पीड़ित युवक दोस्ती का वास्ता देकर पत्नी और बेटी को वापस भेजने का दबाव बनाने लगा। उसी के चलते दोस्त की प्रेमिका बनी उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची और गहरी नींद में सो रहे पति की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला सोमवार की रात अतरौली थाने के रेहरियामाऊ मजरा मंहगवां का बताया गया है। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी व सीओ सण्डीला शिल्पा कुमारी ने वहां पहुंच कर वारदात के बारे में पूछताछ की, वहीं फोरेंसिक टीम जांच करने में जुटी हुई है।

अतरौली थाने के रेहरियामाऊ मजरा महगवां निवासी पुत्तू ने बताया कि उसके तीन पुत्र सुरेश, दिनेश और रिंकू थे। जिनमें से दिनेश और रिंकू बाहर रहकर मज़दूरी करते हैं। जबकि सुरेश गांव में रहकर खेती और मज़दूरी करता था। करीब आठ साल पहले सुरेश गांव के बृज किशोर की पत्नी रामरती उसकी पत्नी बना कर सुरेश के साथ रहने लगी। साथ में उसकी एक बेटी भी थी। रामरती अपनी बेटी के साथ सुरेश के घर रह रही थी। उसी बीच करीब तीन महीनें पहले चिरंजूखेड़ा निवासी बलराम रेहरियामाऊ पहुंचा और सुरेश से दोस्ती गांठ ली, फिर उसकी पत्नी रामरती को बेटी के सिथ रफूचक्कर हो गया। जैसा कि पुत्तू का कहना है कि सुरेश बलराम से कई बार रामरती को वापस घर भेजने के लिए कह रहा था, लेकिन बलराम रामरती को छोड़ना नहीं चाहता था और रामरती भी उसी के साथ रहना चाहती थी। इसी के चलते दोनों ने सुरेश को अपने रास्ते से हटाने का ताना-बाना बुना। सोमवार को सुरेश गांव के बाहर सड़क के किनारे अपने अधबने मकान में सो रहा था, उसी बीच बलराम और रामरती वहां पहुंची, दोनों ने सुरेश की गोली मार कर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह सुरेश का शव देखते ही कोहराम मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव के पास कारतूस का खोखा पड़ा पाया। वहीं एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, सीओ सण्डीला शिल्पा कुमारी व एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह के आलावा फोरेंसिक टीम वहां पहुंची और वारदात की जांच-पड़ताल शुरु कर दी। उधर पुलिस ने पुत्तू की तहरीर पर बलराम और रामरती के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी। अमृत विचार

### विज्ञान नगरी का बच्चों ने किया भ्रमण

**हरदोई, अमृत विचार।** विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विज्ञान नगरी लखनऊ का भ्रमण कराया गया। जिसमें 100 छात्र-छात्राएं एक्सपोजर विजिट के लिए आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ पहुंची। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में जूनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में विज्ञान की रुचि को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा विभाग क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। छात्र-छात्राओं को क्विज प्रतियोगिता के जरिए उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारा जा रहा है। ऐसे में शिक्षा विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचल के परिषदीय विद्यालय नई शिक्षा नीति के तहत नन्हे मुन्ने छात्रों में छिपी विज्ञान की प्रतिभा को उभारने का काम कर रहे हैं।

# दरोगा ने जबरन कोरे कागज पर लगवाया अंगूठा

**शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** शाहाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला बबुराई की रहने वाली महिला ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में दरोगा पर धमकाकर जबरन कोरे कागज पर अंगूठा लगवाने का आरोप लगाया है।

बबुराई निवासी कमला देवी के अनुसार आषाढ़ के महीने में भदासी निवासी लाला, उसके पुत्र मानू और पंचम ने जेठ सुखराम से खेत का बैनामा कराने के बाद पैसे मांगने पर उनकी पीट-पीट कर हत्या कर दी और मड़ैया में फांसी पर लटका दिया। गांव में यह प्रचार कर दिया की सुखपाल ने खुदकुशी कर ली। कमला देवी ने घटना की रिपोर्ट शाहाबाद कोतवाली में लिखानी चाहिए लेकिन शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने न्यायालय की शरण ली। तीन महीने की कवायद के बाद अदालत ने शाहाबाद कोतवाली पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला पंजीकृत किया। कमला के अनुसार मुकदमा पंजीकृत होने के बाद उसके यहां शाहबाद पुलिस पहुंची और लगातार उसे धमका रही है। चार दिन पहले उसके यहां दरोगा अमित कुमार सिंह आए और डरा-धमका कर कोरे कागज पर अंगूठा लगवा लिया। आरोप है कि दरोगा अमित कुमार सिंह विपक्षियों से मिला हुआ है इसलिए धमकी देकर उसे कोरे कागज पर अंगूठा लगवा लिया।

### सुलह न करने पर धमकाया, मुकदमा दर्ज

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र की भदफर चैकी अंतर्गत ग्राम रमुवापुर में दबंगों ने मुकदमे में सुलह ना करने पर जान से मारने की दी धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धमकी देने वाले दबंगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम रमुवापुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र देवकीनंदन ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के पाले उर्फ इस्लाम व राजू सिद्दीकी उसे गन्ना सेंटर भदफर के निकट सोमवार को मिले थे। वहां उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चल रहे मुकदमे में सुलह करने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि दबंगों ने कहा कि यदि तुम्हारा भाई संतराम मुकदमे में सुलह नहीं करता है, तो उसे छेड़खानी में जेल भिजवा देंगे। बताते चले कि वर्ष 2022 में उक्त दबंगों ने उसके भाई संतराम को मारा पीटा था जिसका न्यायालय में मुकदमा चल रहा है।

## सार-संक्षेप



शिक्षक संकुल कार्यशाला की बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड सिधौली में संकुल सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में शिक्षक संकुल कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी शिक्षक संकुल, संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यशाला में विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा निपुण लक्ष्य गीत, निपुण बालक द्वारा टी. एल. एम का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला में आदर्श पाठ योजना, गणित किट, स्विफ्ट चैट, छात्र शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध, गतिविधि आधारित नवाचार, विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने, शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षकाओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिवेदी, कमल किशोर शुक्ला, रवि शंकर गुप्ता, महेश मिश्रा, मुदस्सिर रिजवी, साबिर अली, आनंद कुमार, सुनील कुमार, पुष्प लता पाठक, शिखा श्रीवास्तव, बबिता श्रीवास्तव, पुष्पा भंडारी, सीमा सिंह, वंदना सिंह, सुधा मिश्रा, विनीता सिंह, रेखा चैधरी आदि उपस्थित रहे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का आरोप निकला फर्जी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ससुरालियों ने लडकी पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया था, परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी का लगा होना बताया गया है। थाना कछौना के नई कालोनी कछौना पतसेनी निवासी नजमुद्दीन (28) की संडीला कस्बे के मोहल्ला छोटा चौराहा निवासी फरीन के साथ 29 फरवरी को निकाह हुआ था। शनिवार को वह घर से संडीला ससुराल आया था। सुबह उसका शव घर में पड़ा मिला। मृतक के भाई रियाजुद्दीन ने बताया कि शनिवार को उसका भाई माता के साथ ससुराल आ रहा था। रात करीब 9 बजे ससुरालियों का फोन आया कि उसके भाई की मौत हो गई। रियाजउद्दीन ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना पाकर सीओ शिल्पा कुमारी, प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात करने के साथ जांच पड़ताल की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शरद वैश्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने की बात सामने आई है। वहीं दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक संडीला विजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है।

### पति पर चोरी से दूसरा निकाह करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** शादी के बाद से और दहेज लाने के लिए पति सहित अन्य ससुरालीजनों ने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। परेशान होकर विवाहिता मायके जाकर रहने लगी। उसके जाने के बाद पति ने गुपचुप तरीके से दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक पति, सास-ससुर और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्नाव ज़िले के शीशी हसनगंज थाना औरास की जानबीबी पत्नी अली शेर ने महिला थाने में दी तहरीर में कहा कि करीब नौ साल पहले उसने अपनी पुत्री साबिया की शादी कोतवाली शहर के मुन्ने मियां चौराहा मोमिनाबाद निवासी महफूज़ पुत्र मंसूर के साथ की थी। शादी के बाद से पति महफूज़, सास मोमिना, ससुर मंसूर और ननद शबीना दहेज के नाम पर उसका उत्पीड़न करने लगी। जिससे जान बचाने के लिए किसी तरह मायके चली गई। चार सालों से वह अपनी बच्ची के साथ वहीं रह रही है। साबिया के मायके में रहते हुए महफूज़ ने गुपचुप तरीके से दूसरी शादी भी कर ली।

### नष्ट कराई गई लाखों की पुरानी शराब

**हरदोई, अमृत विचार।** लाखों रुपये की विदेशी शराब पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी केपी सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त के निर्देश पर विदेशी मदिरा के गोदाम में वर्ष 2017-18 की शेष बची 651 पेटियों पर बुलडोजर चलवाया गया। यह कार्यवाही तीन सदस्यीय समिति के समक्ष की गई तथा पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी हुई। नष्ट की गई शराब की कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई गई है। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार मिश्रा, आबकारी निरीक्षक गिरिराज सिंह तथा शराब के अधिकृत विक्रेता रोहित सिंह मौजूद रहे।



### बच्चों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

**हरदोई, अमृत विचार।** बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण हुआ। प्रबंध निदेशिका कीर्ति सिंह एवं प्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने मुख्य अतिथि पूर्व छात्र बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल डा. ऋषभ कुमार मिश्र चिकित्सक बागा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल गोमती नगर लखनऊ एवं आकाश अग्रवाल सनदी लेखाकार चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को स्मृति चिन्ह तथा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पिस्टल चोरी में कांस्टेबल की तलाश

**हरदोई**

**फॉलोअप**



दरोगा की पिस्टल चोरी मामले में एसपी से मिलने आए निलंबित सिपाही के माता-पिता।

**अमृत विचार।** पुलिस क्लब से चोरी हुई एसआई की सरकारी पिस्टल तो मिल गई, लेकिन मामले में संदिग्ध पाया गया कांस्टेबिल राहुल गौतम अभी भी फरार है। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। बताते है कि कांस्टेबिल पिस्टल चोरी के बाद से ही गायब है। वहीं उसके घर वाले एसपी ऑफिस पहुंचे और अफ़सरो से मुलाकात कर राहत देने की गुहार लगाई। वहीं एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए है।

बताते चलें कि कुछ दिन पहले यूपी-112 की पीआरवी 2714 में एसआई जोगेंद्र सिंह कमांडर के पद पर तैनात हैं। उन्हें सरकारी पिस्टल 9 एमएम नंबर-1869 2773 एलाट है। वह 4 मार्च को दो दिन की छुट्टी (सीएल) लेकर अपने घर आ गया हुआ था। जबकि उसने अपनी सरकारी पिस्टल पुलिस क्लब में अपने कमरें में रखे बक्से के अंदर रख कर उसमें ताला लगा दिया था। 8 मार्च को जब जोगेंद्र सिंह छुट्टी से वापस पुलिस क्लब लौटा, तो उसे अपने बक्से के दोनों कुंडा टूटे हुए दिखाई दिए। बक्सा खोल कर देखा तो बक्से में रखी उसकी पिस्टल नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई पता नहीं चला, तो एसआई ने पुलिस को सूचना दी। शहर कोतवाली में पिस्टल चोरी का मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने लापरवाही वरतने के आरोप में दरोगा जोगेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया था। पिस्टल ढूंढने के लिए शहर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम लगातार काम कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने पिस्टल बरामद कर ली। लेकिन पिस्टल कहा से मिली और कैसे मिली यह कोई बताने को तैयार नही है। एसआई जोगेंद्र सिंह के साथ राहुल गौतम नाम का सिपाही 112 पर साथ मे रहता था बो उसी दिन से गायब है। पुलिस उसको तलाश कर रही है। इस कांस्टेबिल के घर वाले अलग परेशान घूम रहें हैं।

**बैठक** कांग्रेस के युवा संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश अध्यक्ष व कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रहे मौजूद

# युवाओं के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी कांग्रेस

**सीतापुर**



कार्यक्रम में पदाधिकारियों का स्वागत करते युवा कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को जिला युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में युवा संवाद कार्यक्रम जिला कार्यालय पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव/सह प्रभारी एजाज चौधरी, विशाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव/प्रभारी ऐजाज चौधरी ने कहा कि जनपद के सभी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी दिन-रात मेहनत करके जिले के सभी बूथों पर पांच-पांच युवा कार्यकर्ता लगाएंगे। राष्ट्रीय सचिव/प्रभारी विशाल चौधरी ने कहा कि सीतापुर लोकसभा सीट को जिताकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने कहा कि युवा कांग्रेस जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में युवाओं के हक की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि जिले में जो भी बूथ पर अध्यक्ष बनेंगे वह अपने-अपने बूथ को जिताकर इंडिया गठबंधन का परचम लहराएंगे। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने आए हुए सभी राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें आश्वासन दिया कि आगामी लोकसभा के चुनाव में यूथ कांग्रेस भागीदारी करेगी तथा कांग्रेस पार्टी को विजय श्री दिलाएगी। साथ ही साथ सीतापुर जनपद के युद्ध कांग्रेस पदाधिकारी का आभार प्रकट किया।

संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव, प्रदुम्न ठाकुर सहित रवी प्रकाश दीपक, सूरज, अकील, रामहर्ष, रजत यादव, अंकित भार्गव, आलोक आदि युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि बीईओ को स्मृति चिह्न भेंट करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### परिषदीय विद्यालय को मिल रहीं बेहतर सुविधाएं

**कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय चैड़िया प्राचीन, कसमंडा में कक्षा पांच के अध्ययनरत बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र नाथ प्रजापति ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्कूल के प्यारे बच्चे ही कल के देश के भविष्य हैं। सरकार के द्वारा परिषदीय विद्यालय को कायाकल्प के अंतर्गत सुदृढ़ीकरण कराया गया, विद्यालयों को प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधाएं मिल रही है। कार्यक्रम में गिरिजेश अवस्थी, ज्ञानेश बाजपाई, हबीबबुर रहमान, फरजाना फैयाज, रोहित शुक्ला, काजल द्विवेदी, अमित जयसवाल, हिमांशु सहोलिया, फूलकुमारी ने प्रतिभाग किया।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.41 बजे
इफ्तार : 6.30 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.46 बजे
इफ्तार : 6.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# लोन के नाम पर ग्रामीणों से रुपये लेकर हुए फरार

**थानगांव/रेउसा, अमृत विचार।** बीते लगभग एक माह पूर्व रेउसा के बहराइच रोड लकड़ी मंडी में एक किराए के मकान में मन्ने साई (मन्ने साई एन्ड इन्वेस्टमेंट फाइनेंसियल प्राइवेट लिमिटेड) बैंक नामक बोर्ड लगाकर क्षेत्र के गांव-गांव जाकर 10-15 पन्द्रह महिलाओं को एकत्र कर समूह बनाते थे।

साथ ही उनके प्रपत्रों की छायाप्रति व फोटो लेकर ऊपर अधिकारियों से लोन पास कराने की बात कहकर अपनी ब्रांच रेउसा वापस हो जाते थे। जिसके दो तीन दिनों बाद अलग-अलग समूह सदस्यों को 40-45 और 50 हजार रुपये का लोन पास होना बताकर सदस्य के घर का सर्वे कराने के साथ ही 40 हजार पास वालों से 2110 रुपये व 45 हजार पास वालों से 2295 और 50 हजार पास वालों से 2730 रुपये बीमा के नाम पर जमा करवाया गया। जिसके अगले दिन स्वीकृति राशि खाते में भेजा जाना बताकर कई दिनों तक टाल-मटोल करते रहे। अपने को रेउसा का ब्रांच मैनेजर बताने वाला मुरादाबाद निवासी नवनीत सिंह सोमवार की रातों रात सभी का पैसा लेकर भाग निकला। उसका मोबाइल नंबर 8878215868 भी स्विच ऑफ बताया जा रहा है। उक्त प्रकरण के पीड़ितों ग्राम बारिनपुरवा मजरे राजापुर निवासी हासिम इदरीस हारून, रामू कुंवर आदि सहित दर्जनों गांवों से सैकड़ों लोग शामिल है। पीड़ितों ने घटना से रेउसा पुलिस को अवगत करा दिया है।

# ई-पॉस मशीनों से राशन वितरण न हो पाने पर रोष

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को कोटेदारों ने शासन से मिली नई ई पास मशीनों से राशन के वितरण ना होने पर जिलापूर्ति कार्यालय का घेराव किया। ऑल इंडिया शेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के तत्वाधान में कोटेदारों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कोटेदारों की मांग पर जिला पूर्ति अधिकारी ने शासन स्तर पर पत्राचार कर जल्द ही समस्याओ के निराकरण का आस्वाशन दिया।

▸▸ **कोटेदारों ने घेरा डीएसओ कार्यालय, सौंपा ज्ञापन**

कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश के सभी कोटेदारों को खाद्यान्न वितरण को सुलभ बनाने के लिए नई ई पास मशीन उपलब्ध कराई गई थी। इन मशीनों में वर्तमान समय में राशन वितरण के दौरान ई पास मशीनों में सर्वर व नेटवर्क की समस्या का सामना उचित दर विक्रेताओं को करना पड़ रहा है। जिसके कारण वितरण करने में कोटेदारों को काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। नारेबाजी करते हुए जिलाध्यक्ष ने जिला पूर्ति अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सोपा और मांग की है कि नई ई पास मशीनों के सुचारू रूप से संचालन हेतु वेइंग मशीनों के तत्काल गुणवत्तापूर्ण में लगे ब्लूटूथ को सही कराया जाये, जिससे बार-बार ई पास मशीनों से वेइंग मशीनों का डिस्कनेक्ट ना हो। इसके साथ ही जो कांटे खराब है उन्हें भी दुकान पर ही सही किया जाए।



जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौपकर अपनी समस्याओं को गिनाते कोटेदार।

कोटेदारों की मांग है कि ई पास मशीनों का विधवत संचालन कोटेदारों के अलावा एक अतिरिक्त सहायक नियुक्त किया जाए। जिससे आवश्यक कार्यों से अगर कोटेदार बाहर जाना चाहे तो वह जा सके और वितरण निर्वाण रूप से होता रहे। कोटेदारों ने मांग करते हुए कहा कि सर्वर की समस्या को समस्या उत्पन्न होने पर सर्वर का निराकरण तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए। कोटेदारों की मांग है कि खाद्यान्न वितरण की निर्धारित तिथि माह की तीन या चार तारीख से शुरू हो और खाद्यान्न वितरण होने पर ही अगले माह के खाद्यान्न आपूर्ति की शुरू की जाए उससे पहले नहीं।

कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष ने मांग कि जनवरी-फरवरी माह के वितरण का कमीशन कोटेदारों को अभी तक नहीं मिला है, होली एवं रमजान दोनों पर्व साथ-साथ हैं। कोटेदारों की समस्याओं को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी ने शासन स्तर पर पत्राचार कर जल्द ही समस्याओं के निराकण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला महासचिव विशाल रस्तोगी, अजय जायसवाल, आशीष शुक्ला, कमल सिंह, मुन्नालाल मिश्रा, अशोक राव,त सर्वेश वर्मा, वीरेंद्र मधुकर, विजय वर्मा, अजय वर्मा, अशोक बाजपेई, रामकुमार व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### लोकपाल से करें मनरेगा से जुड़ी शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** डॉ. अरविन्द प्रताप सिंह यादव, निवासी ग्राम व पो. सकरारा, वि.ख. मछरेहटा ने लोकपाल मनरेगा के रूप में 16 मार्च को पुनः कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिनका नंबर -9452309610, 7275554162 है, जिस पर मनरेगा कार्यों से संबंधित आ रही शिकायतों/समस्याओं के निराकरण हेतु कोई भी नागरिक/कार्मिक अपनी शिकायत व समाधान के लिये उक्त पते व मो.नं. से सम्पर्क कर कार्यालय विकास भवन कमरा नं.-102 में सम्पर्क कर दर्ज कराकर न्याय पा सकता है।

### गौशालाओं से पशुपालकों को दिये दो सैकड़ा गोवंश

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** सकरन की दर्जन भर गौशालाओं में संरक्षित गोवंश पशुपालकों को दिए जाने का काम तेजी के साथ कराया जा रहा है। बीते एक माह के दौरान दो सैकड़ा गोवंश पशुपालकों को पशुपालन के लिए दिए गए हैं। सांडा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश प्रसाद ने बताया कि शासन की मंशानुरूप गौशालाओं में संरक्षित गोवंश पशुपालकों को दिए जाने का काम किया जा रहा है। पशुपालकों को कम से कम एक और अधिकतम चार गोवंश दिए जाने की व्यवस्था है। पशुपालन करने वाले प्रत्येक पशुपालक को 1500 रुपये प्रति पशु प्रतिमाह शासन द्वारा दिए जा रहे हैं। गोपालन के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता पशुपालकों के बैंक खाते के माध्यम से दी जा रही है। इस व्यवस्था से जहां पशुपालन को बढ़ावा मिल रहा है। पशुपालकों के परिवार को देसी गाय का दूध और खेती गाय के गोबर और मूत्र की जैविक खाद से उपजाऊ बन रही है।

### रंजिश में भिड़े दो पक्ष, एक की मौत

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी है। थाना रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में करीब 8 माह पूर्व फूलचंद तथा छोटेलाल के बीच जानवरों को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें फूलचंद को गंभीर चोटे आई थीं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्यवाही की थी। उसी रंजिश को लेकर मंगलवार को सुबह पुनः दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची रामपुर मथुरा पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई और प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा भेज दिया। एक पक्ष के मुरलीधर, तथा दूसरे पक्ष के रामसागर तथा शारदा देवी को गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान रामसागर की मृत्यु हो गई। गांव में तनाव व्याप्त है। थाना अध्यक्ष महेश चंद्र पांडे ने बताया दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा पंजीकृत किया गया है कार्यवाही की जा रही है।

# रामनाम के जय घोष से गूंजा नैमिष धाम

## चक्रतीर्थ में श्रद्धालुओं ने किया स्नान, मंगलवार की भोर नवें पड़ाव पर पहुंचा रामा दल

**आस्था**

▸▸ **परिक्रमार्थियों ने छोटे-छोटे तंबू नुमा बनाये अस्थायी आवास**

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार।** नैमिषारण्य तीर्थ से प्रारम्भ हुयी सनातन धर्म की प्रतीक विश्व प्रसिद्ध 84 कोषीय रामादल यात्रा अपने आठवें पड़ाव जरिगंवा पर रात्रि विश्राम किया। मंगलवार को प्रातः लगभग तीन बजे लाखों श्रद्धालु अखण्ड रामनाम संकीर्तन की धुनि के साथ अपने नवें पड़ाव पवित्र नैमिष धाम में पहुंचने लगे। जिससे धीरे-धीरे पूरा नैमिष धाम श्रद्धालुओं के रामनाम जय घोष से सर्वत्र गुंजायमान होने लगा।

रामादल परिक्रमार्थियों ने नैमिष धाम पहुँचकर अपने निवास स्थान पर अपना आसन लगाकर सर्व प्रथम पौराणिक तीर्थ स्थल चक्रतीर्थ व धेनुमती आदिगंगा गोमती के विभिन्न घाटों जैसे राज घाट देवदेश्वर घाट, रुद्रवर्त घाट में स्नान एवं पूजन किया। इसके पश्चात तीर्थ पुरोहितों को यथा श्रद्धा आंटा, दाल मिष्ठान्न, फल तथा दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद नैमिष तीर्थ की सवा कोषीय परिक्रमा कर पुण्य लाभ का अर्जित किया। आज के दिन समग्र नैमिष धाम में रामादल परिक्रमार्थियों के छोटे छोटे तंबू नुमा अस्थायी आवास एक अलग ही मनोहारी दृश्य देखने को मिले।

वहीं इन्हीं श्रद्धालुओं की भोजन व्यवस्था के लिये बनाये गये चूल्हे पर बने दाल टिक्कर एवं सब्जी राम नाम प्रसाद के रूप में परिक्रमार्थी ग्रहण कर रहे थे। कहीं श्री मद भागवत ,कही रामकथा और किसी किसी आश्रम में संगीत के उपर बजरी राम, कृष्ण नाम की धुन उसे और मनोहारी बना रही थी। इसी क्रम में तीर्थ भूमि स्थित विभिन्न देव स्थलों एवं आश्रमों में दिवस पर्यन्त भोग भण्डारा चलता रहा इसी क्रम में 84 कोषीय परिक्रमा समिति के अध्यक्ष डण्का वाले बाबा महन्त नारायणदास के पहला आश्रम, रामानुजकोट मंदिर, आश्रम आनन्द धाम में महन्त वीरेन्द्रानन्दपुरी द्वारा, सूत गद्दी मंदिर में महन्त मनीष शास्त्री, बाला जी मंदिर, देवपुरी मंदिर, कालीपीठ, बाबा नील कण्ठ आश्रम, हनुमान गढ़ी मंदिर, समेत ललिता देवी मंदिर के आस पास लगभग सभी स्थानों पर परिक्रमार्थियों के लिए अनवरत भण्डारा चलता रहा।

नैमिष नाथ का हुआ परम्परागत अभिषेक भी हुआ नैमिषारण्य के प्रमुख दर्शनीय स्थल नैमिषनाथ रामानुजकोट मंदिर में पुजारी रामप्रपन्न रामानुजदास रामलला त्रिपाठी द्वारा महंत इन्दिरा रमण रामानुज दास जी की अध्यक्षता में भगवान श्री नैमिष नाथ श्री देवी, भूदेवी का पवित्र त्रिमंजन (अभिषेक) सम्पन्न हुआ। इस दौरान संस्थान के वेद पाठी छात्रों द्वारा वेद पाठ एवं भगवान के भजनों से भगवान का स्तुति गान होता रहा।



हाथी पर सवार होकर परिक्रमा करते संत।



प्रभु का स्तुति गान करते वेद पाठी छात्र व श्रद्धालु। अमृत विचार

### पहला आश्रम में हुआ संत भोज

तीर्थ के पहला आश्रम में महन्त नारायण दास डण्का बाले बाबा के सानिध्य में दण्डी सन्यासियों, साधुओं एवं श्रद्धालओं को भोजन प्रसाद एवं हलुआ वितरित कर दक्षिणा भेंट की गयी इस दौरान आश्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज सिंह, पिंटू बाबा, अनिल मिश्रा छोटू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### नागा साधुओं ने धूनी लगाकर की विशेष साधना

परिक्रमार्थियों ने संतों के दर्शन किये और आश्रमों में धूनी रमाये संत और भजन करते साधुओं के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वर्ष में केवल एक बार ही आज नवमी तिथि के दिन भगवान नैमिष नाथ जी की सवारी बारात के रूप में मंदिर से निकाली जाती है। जिसमें भक्त लोग बैंड बाजा पर अपने भगवान को प्रसन्न करने के लिए उनके साथ नाचते गाते चलते हैं। बारात का स्वागत प्रशासन द्वारा चक्रतीर्थ पर बहुत ही भव्य तरीके से करकर भगवान नैमिष नाथ जी बृहद रूप में आरती उतारी जाती है और फिर चक्रतीर्थ परिसर पर जी आतिशबाजी भी की जाती है।

### पौराणिक के साथ हाईटेक साधु महात्मा

84 कोसी परिक्रमा में एक ओर भक्ति ज्ञान की बयार बहती दिखी, वहीं दूसरी ओर कुछ साधु महात्मा हाईटेक भी दिखाई दिए। जहां बहुत से महात्माओं ने पैदल परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर कुछ महात्माओं ने हाथी, घोड़े और लक्जरी वाहनों पर सवार होकर परिक्रमा की।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जला



आग लगने से जलती झोपड़ी और आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण।

**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना इलाके में मंगलवार एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से झोपड़ी के अंदर रखा सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। झोपडी में लगी आग को ग्रामीणों ने समरसेबल के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपयों की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। क्षेत्र के अंदौली गांव निवासी पुतान पुत्र शिवराम गांव के पश्चिम खेतों में झोपड़ी बनाकर करीब 6 वर्ष से अपने परिवार के साथ खेती कर गुजर- बसर कर रहे थे। मंगलवार की शाम करीब 5 बजे जब पुतान अपने परिवार के साथ खेत में बोई हुई सब्जी की सिंचाई कर रहे थे। तभी अचानक उनकी झोपड़ी में आग लग जाने की सूचना मिली। आनन-फानन में जब पुतान मौके पर पहुंचे तो देखा कि आग से जल रही झोपड़ी पर ग्रामीण खेत में लगे समरसेबल से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर के अंदर रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। गृहस्वामी पुतान के पुत्र चेतराम ने बताया कि अचानक आग लगने से इंजन, चारा मशीन, खाना बनाने वाले घरेलू बर्तन, कपड़े, दवाई छिड़काव करने वाली मशीन, सोलर बैटरी, ईंधन लकड़ी-कंडे व घर में रखे दो हजार रुपये वअन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि वह अपनी झोपड़ी के पास ही पक्का मकान भी बनवाने की तैयारी में थे, जिसके लिए उन्होंने बीस बोरी सीमेंट भी लाकर घर में रखी थी। आग लगने वह भी पूरी तरह बर्बाद हो गई है।चेतराम ने बताया कि झोपड़ी में आग लगने का वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल वह झोपड़ी से निकलकर पक्के घर में जाना चाहते थे। ऐसे में अचानक झोपड़ी में आग लग जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। चेतराम ने आरोप लगाया कि आग लगने की सूचना पर डायल 112 के अलावा और कोई भी संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### समस्त दुखों को हरने वाला है श्रीराम नाम का सुमिरन

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** मोहल्ला अंबर संराय स्थित प्रसिद्ध प्राचीन महावीरन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही श्री राम कथा व रासलीला का समापन फूलों की होली के साथ किया गया। रासलीला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने सोमवार रात्रि बेला में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं में सुदामा की मित्रता का मंचन करते हुए लट्ठमार होली एवं फूलों की होली का सजीव मंचन किया। जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस पावन अवसर पर कलाकारों ने मित्र सुदामा और भगवान श्री कृष्ण की मित्रता की कथा का भी मंचन किया व कलाकारों ने प्रसिद्ध लट्ठमार होली और फूलों की होली का सजीव प्रदर्शन किया। जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित गिरजेश शुक्ला ने श्री राम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए लक्ष्मण मुर्छा और पवनसुत हनुमान द्वारा संजीवनी वटी लाने का वर्णन करते हुए कथा को विश्राम दिया, उन्होंने कहा कि इस कालि काल में श्री राम कथा एवं श्री राम नाम का सुमिरन समस्त दुखों को हरने वाला है। इस मौके पर आयोजक रामसुंदर पाण्डेय, यजमान ब्रजेश त्रिवेदी, निर्मल पाण्डेय, कमलेश त्रिवेदी, प्रधान अनूप पाण्डेय, कौशल किशोर पाण्डेय, धीरेश त्रिवेदी, प्रमोद त्रिवेदी, संजय पांडेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, कमलेश, मुन्ना पाण्डेय, गोपीनाथ, शिवम पाण्डेय, गुड्डू पांडे, सचिन पांडे, ललित पाण्डेय, सुनीत पांडे, अंकुर पाण्डेय, राजेश, संदीप, अभिषेक पाण्डेय, ओमप्रकाश पांडे, पप्पू, रानू, प्रखर सहित भारी संख्या में माताएं बहनें, बुजुर्ग व भक्तगण उपस्थित थे।

### केवानी नदी किनारे मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड लहरपुर इलाके में शारदा नहर रेगुलेटर के निकट किवानी नदी पर बन रहे पुल के पास पानी भरे एक कुंड के निकट मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने कॉम्बिंग की लेकिन मगरमच्छ के न दिखने पर टीम ने ग्रामीणों को सजग रहने की सलाह दी है। लहरपुर तंबौर मार्ग पर बन रहे केवानी नदी पुल के निकट एक कुंड में एक विशालकाय मगरमच्छ देखें जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक मगरमच्छ की लंबाई लगभग 7 से 8 फीट बताई जा रही है। बताते चले कि किवानी नदी पर बना रहे पुल के निकट एक मगरमच्छ के धूप सेंकते हुए स्थानीय मजदूरों द्वारा देखे जाने पर मजदूरों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी कई बार इसी स्थान के आसपास मगरमच्छ को पहले भी देखा जा चुका है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिली है टीम भेज कर लोगों को सजग कर कार्रवाई की जा रही है।

### स्टेडियम ए ने केंद्रीय विद्यालय को हरा जीती हॉकी प्रतियोगिता



विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल।

**सीतापुर।** जिला खेल कार्यालय ने वर्ष 2023-24 में सीनियर महिला/पुरूष जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 व 20 मार्च को किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 19 मार्च को हॉकी व वॉलीबाल पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हॉकी व वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल आठ-आठ टीमों ने हिस्सा लिया। मंगलवार को हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हाकी के वरिष्ठ खिलाड़ी मो. वसीम अहमद व वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ वालीबाल के वरिष्ठ खिलाड़ी मो. फरहत बेग सनी व प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्रतियोगिताओं के समापन के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल रहीं। मुख्य अतिथि ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों के पुरस्कार वितरित किये। प्रतियोगिता के कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक ने किया। इस मौके जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक मंयक आंनद, विवेक सिंह एवं बेसिक शिक्षा विभाग के रवि प्रकाश, उदय प्रकाश व वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। हॉकी पुरुष का फाइनल मैच में केन्द्रीय विद्यालय प्रथम पाली बनाम स्टेडियम-ए के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम ए ने 4-0 से विजय प्राप्त किया तथा वॉलीबॉल पुरुष का फाइनल मैच में स्टेडियम ए बनाम सदर स्पोर्ट्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ए टीम ने 25-22 से विजय प्राप्त किया।

# दीवार के मलबे में दबकर बालक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना इलाके में दीवार गिरने से अचानक दर्दनाक हादसा हो गया। दीवार के मलबे में दबकर मासूम बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने गम्भीर हालत में जिलाअस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मैंनिया गांव निवासी दयाराम का 9 वर्षीय पुत्र मंगलवार सुबह अपने साथियों के साथ गांव के बाहर ब्रम्हदेव स्थान पर खेलने गया था। बताया जाता है कि इस दौरान सभी बच्चे ब्रम्हदेव के चबूतरे पर खेल रहे थे। तभी प्रिंस पक्की दीवार पर चढ़कर फूल तोड़ने लगा,तो इतने में ही पक्की दीवार पलट गयी और वह मलबे में दब गया। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक प्रिंस चार भाई बहनों में दूसरे नम्बर का था। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चैहान ने बताया कि घटना की सूचना मिली है कार्रवाई की जा रही है।

▸▸ **बच्चों के साथ खेलते समय फूल तोड़ने समय हुआ हादसा**



प्रिंस (फाइल फोटो)

# खाद्य विभाग ने होटलों से भरे 12 नमूने

**सीतापुर, अमृत विचार।** खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार को छापेमारी अभियना चलाया। इस अभियान के तहत टीम ने सिधौली तहसील इलाके में होटलों पर खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूने भरें। टीम ने हाईवे स्थित जनता ढाबा होटल पर नमूने भरकर जांच हेतु सैम्पल के लिए भेजा।

आगामी त्योहारों के चलते मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार और नायब तहसीलदार शशि बाला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों यथा-खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां अन्य मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री की रोकथाम पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।



जनता ढाबे पर खाद्य पदार्थों के नमूने भरते खाद्य विभाग के अफसर। अमृत विचार

टीम ने ने इस दौरान तहसील रोड सिधौली से 04 नमूनें (02 पनीर, 02 खोया), जनता ढाबा से 1 पनीर का नमूना एवं मनवा चैकी से 05 नमूनें (01 खोया, 01 पनीर, 01 बर्फी, 01 दूध बर्फी, 01 छेना रसगुल्ला) के नमूनें एकत्रित किये। इस प्रकार टीम ने शहर क्षेत्र में नवीन चैक, सीतापुर से 1 बेसन लड्डू 01 बर्फी का नमूना संग्रहीत किया गया। छापेमारी के दौरान टीम अभय कुमार सिंह, सहायक आयुक्त, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष बाबू यादव, प्रीति वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। टीम द्वारा कुल 12 नमूनें संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला को परीक्षण के लिए भेजे गये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि होली त्यौहार के चलते यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**आयोजन** | शिक्षक संकुल कार्यशाला में बच्चों को निपुण बनाने का लिया संकल्प

# शिक्षक वह चाबी है जो हर ताले में फिट हो जाये : कमल किशोर




प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में आयोजित कार्यशाला में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** शिक्षक और बच्चा दोनों शिक्षा का महत्व बताना एक शिक्षक का संपूर्ण दायित्व है। शिक्षक को मॉस्टर भी कहने की जो परंपरा है यू नहीं चली आ रही है। दरअसल मास्टर वह चाबी है जो हर ताले में फिट हो जाती है। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी सरकारी विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का दायित्व है कि एक भी बच्चा पढ़ने से वंचित न रहने पाये। ये बात वरिष्ठ शिक्षक कमल किशोर शुक्ला ने कही। वह विकास खंड सिधौली के अंतर्गत सिंहपुर संकुल के प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में आयोजित शिक्षक संकुल कार्यशाला में आये शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

▸▸ **अभिभावकों और बच्चे दोनों को शिक्षा का महत्व बताने की जिम्मेदारी शिक्षक की**

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षक संकुल कार्यशाला में विद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभी संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यशाला में विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा निपुण लक्ष्य गीत, निपुण बालक द्वारा टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें आदर्श पाठ योजना, गणित किट, स्विफ्ट चैट, छात्र शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध, गतिविधि आधारित नवाचार, विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने, शिक्षक संदर्शिका का कैसे प्रयोग हो उस पर चर्चा की गई। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षकाओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को निपुण बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिवेदी, कमल किशोर शुक्ला, महेश मिश्रा, मुदस्सिर रिजवी, साबिर अली, आनंद कुमार, सुनील कुमार, पुष्पलता पाठक, शिखा श्रीवास्तव, बबिता श्रीवास्तव, पुष्पा भंडारी, सीमा सिंह, वंदना सिंह, सुधा मिश्रा, विनीता सिंह, रेखा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंग्डम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

## प्रसंगवश

# बैलट में बुराई क्या


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है। बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

## सोशल फोरम

# धोखा


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब


शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।

## संविधान में नहीं है आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लेख

- आदर्श चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एकनियमावलीहै जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। इसका भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।
- सरकार लोक लुभावन घोषणाएँ नहीं करेगी।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग की पाबंदी।
- जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे नही उठा सकेंगे राजनीतिक दल
- चुनाव के दौरान धन-बल व बाहु-बल के प्रयोग पर रोक।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को धन का लोभ न देना।
- आचार संहिता लागू हो जाने के बाद किसी भी योजनाओ को लागू नहीं कर सकते।

मेरा पहला वोट

## विकास के मुद्दे पर करेंगे वोट

लोकतंत्र के महासमर में पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पहली ही बार में केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। पहला वोट विकास के मुद्दे पर करुंगा। जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने वाला सांसद और केन्द्र में शिक्षा, समानता, सुरक्षा व रोजगार दे सकने सक्षम सरकार चुनने के लिए मतदान करुंगा।



अरिन कुमार पांडेय
बझना, सदर विधानसभा क्षेत्र सुलतानपुर

# बसपा को लोकसभा में चमत्कार की उम्मीद

## टिमटिमा रही है दलित चेतना की लौ, बसपा की रणनीति पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

● लखनऊ कार्यालय

**अमृत विचार :** तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने जिस बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन को लोकतंत्र के चमत्कार की संज्ञा दी थी। वह चमत्कार 2022 के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। कारण काशीराम ने दलित चेतना की जो मशाल जलाई थी। वह अब दीपक बनकर टिमटिमा रहा है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दलों की निगाहें बसपा की रणनीति पर टिकी हुई हैं। तीन बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बसपा 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी। उसके समक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए चमत्कार करने जैसी चुनौती होगी। आंकड़े बताते हैं कि बसपा की दलित वोट बैंक पर वह पकड़ नहीं रही जो 2009 के लोकसभा चुनाव तक थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि उसे 19.43 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उसने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया तो जरूर उसके सीटों की संख्या 10 तक पहुंच गई। चुनाव खत्म होते ही या गठबंधन टूट गया। जिसका खामियाजा बसपा को विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते बसपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सांसद दूसरे दलों में भागने लगे। कोई भाजपा में गया तो कोई कांग्रेस में तो किसी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। जो बचे हैं वह भी जाने की जुगत लगा रहे हैं। अब ऐसे सांसदों को चुनाव मैदान में शिकस्त देने के लिए बसपा चुनावी बिसात हर दांव आजमा रही है। यह चुनाव सिर्फ़ मायावती के लिए ही नहीं बल्कि उनके भतीजे जिसे उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है के लिए भी अग्नि परीक्षा साबित होने जा रहा है। प्रत्याशी में घोषणा में सबसे आगे रहने वाली बसपा इस चुनाव में अभी तक चंद सीटों पर ही अपना उम्मीदवार उतार सकी है।2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अंबेडकर नगर, अमरोहा, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर लालगंज, सहारनपुर, श्रावस्ती तथा नगीना सीट जीती थी। इन सीटों पर फिर से काबिज होने के लिए बसपा की जद्दोजहद जातीय समीकरणों पर ही टिकी हुई है। बसपा इस बात के लिए पूरा प्रयास कर रही है कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए वह किसी तरह भी दोबारा सदन में न पहुंच सकें। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसका मूल कारण यह है कि समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के दौरान उनके कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के ही होकर रह गए। पार्टी एक बार फिर से नए सिरे से पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा करना चाहती है। ताकि अगले विधानसभा चुनाव में वह पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतर सके।



**बसपा का प्रदर्शन एक नजर में**

| | | |
|---|---|---|
| 1996 | 6 सीट | 20.6 |
| 1998 | 4 सीट | 20.9 |
| 1999 | 14 सीट | 22.08 |
| 2004 | 19 सीट | 24.67 |
| 2009 | 20 सीट | 27.42 |
| 2014 | 00 सीट | 19.77 |
| 2019 | 10 सीट | 19.43 |

**2019 में बसपा से जीते सांसद**

| | |
|---|---|
| अंबेडकर नगर | रितेश पांडे |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली |
| बिजनौर | चौधरी बृजेंद्र सिंह |
| गाजीपुर | अफजाल अंसारी |
| घोसी | अतुल कुमार सिंह |
| जौनपुर | श्याम सिंह यादव |
| लालगंज | संगीता आजाद |
| सहारनपुर | हाजी फजलुर रहमान |
| श्रावस्ती | राम शिरोमणि |
| नगीना | गिरीश चंद्र |

## विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटों पर लड़ेंगे सपा के प्रत्याशी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा के साथ प्रदेश की खाली विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच सीटों को लेकर अभी समझौता नहीं हुआ है, पर सभी सीटों पर सपा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारे जाने की चर्चा है। प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों के साथ ही विधानसभा की खाली पड़ी चार सीटों पर उप चुनाव होने हैं। खाली सीटों में राजधानी की लखनऊ पूर्व सीट के साथ ही ददरौल, बलरामपुर की गैंसड़ी और सोनभद्र की दुद्धी सेट शामिल है। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ पूर्वी सीट पर पांचवें चरण 20 मई को मतदान होगा। वहीं गैंसड़ी में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। दुद्धी सीट पर आखिरी और सातवें चरण 1 जून में मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी 4 जून को आएगा।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस व सपा के बीच विधानसभा सीटों को लेकर समझौता न होने पर सभी सीटों पर सपा के प्रत्याशियों के लड़ाई जाने की चर्चा हो रही है। हालांकि कांग्रेस के नेता चर्चाओं की बात से साफ इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की बैठक के बाद स्थिति साफ होगी।

# साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था। रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे ।



पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

### गुड़ व सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे।

### पेट्रोमेक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमेक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे।

### विरोधियों में दिखता था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

# 55 साल से मचल रही रियासत की सियासत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा के 72 साल के चुनावी सफर में बाहर से लेकर अंदर तक के कई सूरमा आए और जीत कर इतिहास रचा, लेकिन इस 72 साल के इतिहास में 55 साल पहले मनकापुर रियासत की राजनीति में इंट्री हुई तो आज तक जारी है। पहले चार कार्यकाल मनकापुर के कुंवर आनंद सिंह फिर उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह सियासत के मैदान में उतरे। पिता के बराबर कीर्तिवर्धन सिंह भी चार बार सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं। 1998 में राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कीर्तिवर्धन सिंह को दो बार हार का भी सामना करना पड़ा। अब 2024 में सातवीं बार भाजपा के टिकट पर फिर मैदान में हैं। इस बार हैट्रिक लगेगी या नहीं यह मतदाताओं के मूड पर है।1951-52 में जब पहला चुनाव हुआ तो वैरिस्टर हैदर हुसैन, 1957 में दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में रामरतन गुप्ता, 1967 में सुचेता कृपलानी ने जीत हासिल की। ये सभी लोग गोंडा जिले के बाहर के थे। लेकिन मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह का चुनाव में प्रवेश हुआ और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की। आनंद सिंह भारतीय जनता दल के प्रत्याशी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह से मात्र 631 मत से जीते और राजनीति में अपनी भागीदार तय कर दी। लेकिन 1977 में बीएलडी से प्रत्याशी रहे सत्यदेव सिंह से चुनाव हार गए। सत्यदेव सिंह ने आनंद सिंह को 71 हजार के करीब वोटों से शिकस्त दी। लेकिन राजनीति के इस उतार चढ़ाव में आनंद सिंह ने हौसला नहीं छोड़ा और 1980 में गोंडा सीट पर फिर काबिज हो गए। इस बार उन्होंने जेएनपी से कौशलेंद्र दत्त को भारी मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1984 तथा 1989 में भी हैट्रिक लगाकर चुनाव जीत गए। 1984 में एलकेडी से लड़ रहे दीप नरायन को चुनाव हराया और 89 में जनता दल से फजलुलबारी उर्फ बन्ने भाई को शिकस्त दी। 1991 भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से उदय हो गया और राम जन्मभूमि आंदोलन में शिरकत करने वाले बृजभूषण शरण सिंह की राजनीति में इंट्री हुई। इसमें बृजभूषण शरण सिंह ने आनंद सिंह से कुर्सी छीन ली। इसके बाद कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए और 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इस बार भी उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह के हाथ से शिकस्त मिली। इसे देख राजनीति के पितामह कहे जाने वाले आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति में प्रवेश किया। और 1998 में कीर्तिवर्धन सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह को हराकर अपने पिता की हार का बदला ले लिया। कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से चुनाव लड़ा था। लेकिन एक साल बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह को बृजभूषण सिंह ने फिर चुनाव हरा दिया। 2004 के आते ही भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया और गोंडा से घनश्याम शुक्ला भाजपा से चुनाव लड़े लेकिन इसमें कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए। 2009 में हुए परिसीमन से गोंडा लोकसभा का परिदृश्य बदल गया। इसमें बेनी मात्र 23 हजार वोट से जीत गए। इसके बाद रियासत खानदान को बसपा रास नहीं आई और वह 2014 में पलटी मारते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। 2014, 2019 में वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और भाजपा के टिकट पर तीसरी बार मैदान में हैं। जिनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा से होगा।

### पिता पुत्र के हाथ में रही आठ बार सांसद की कुर्सी



कुंवर आनंद सिंह।



रियासत की इमारत।



कीर्तिवर्धन सिंह।

### भगवा प्रेम में गंवानी पड़ी थी राजा को कुर्सी

2014 में समाजवादी पार्टी की सूबे में सपा की सरकार थी। इसमें कुंवर आनंद सिंह कृषि मंत्री रहे और सपा में उनकी कद्दावर नेताओं में गिनती थी। लेकिन पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह के भगवा प्रेम के कारण आनंद सिंह को कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद आनंद सिंह ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया।

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | बीएलडी |
| 1980 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

# 85 साल, 17 लोकसभा चुनाव, संसद पहुंची मात्र दो महिलाएं

## गंगादेवी पहली तो प्रियंका रावत चुनीं गईं थी दूसरी महिला सांसद

## आधा आबादी का प्रतिनिधित्व करने का पार्टियों में नहीं रहा विश्वास

बाराबंकी

आधी आबादी को पूरी भागीदारी का वादा भले ही सभी राजनीतिक दल कर रहे हों। लेकिन आजादी के बाद हुए सत्रह चुनाओं में सिर्फ दो बार महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उनमें भी जीतकर सदन में पहुंची महिला सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं दिया गया। प्रस्तुत है बाराबंकी से **रीतेश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...**

**अमृत विचार:** बाराबंकी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस समय यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। पहले इस सीट को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस आम चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया की साख दांव पर लगी हुई है। प्रमुख दलों की बात करें तो इसमें से पांच बार कांग्रेस ने इस सीट पर विजय पताका फहरायी है। दो बार समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है जबकि दो बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक बार बसपा प्रत्याशी भी यहां से जीतने में कामयाब रहा है। अब तक सिर्फ दो बार महिलाएं सांसद के रुप में चुनकर संसद पहुंची हैं। बाराबंकी लोकसभा सीट पर सबसे पहले 1952 में गंगा देवी चुनाव जीत कर संसद पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थी। 62 साल के इंतजार के बाद 2014 में भाजपा के टिकट पर प्रियंका रावत ने जीत हासिल कर इस सूखे को खत्म किया था। 1989, 1991 और 1996 में रामसागर रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज करके जीत की हैट्रिक लगाई थी। वर्ष 1998 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला था। तब बैजनाथ रावत ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। अगले चुनाव में राम सागर रावत ने सपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। 2004 के चुनाव में यहां से बसपा के कमला प्रसाद को जीत मिली थी लेकिन 2009 में कांग्रेस के पीएल पुनिया 25 साल बाद इस सीट से जीत दर्ज करके सांसद निर्वाचित हुए। लेकिन 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने इस सीट पर कब्जा जमा लिया।

पिंक पन्ना



गंगा देवी



प्रियंका सिंह रावत

**53 लोकसभा सीट बाराबंकी से अब तक चुने गए सांसद**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी | वोट |
|---|---|---|---|
| 2019 | उपेद्र सिंह रावत | भाजपा | 5,35,917 |
| 2014 | प्रियंका सिंह रावत | भाजपा | 4,54,214 |
| 2009 | डॉ.पीएल पुनिया | कांग्रेस | 328418 |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी | 1,96,370 |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी | 2,10,958 |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा | 2,28,368 |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी | 1,80,912 |
| 1991 | राम सागर | जेपी | 1,21,803 |
| 1989 | राम सागर | जेडी | 1,99,180 |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस | 2,02,790 |
| 1980 | राम किंकर | जेएनपी(एस) | 1,35,481 |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी | 2,06,061 |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस | 1,52,477 |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी | 1,18,233 |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी | 76,545 |
| 1957 | स्वामी रामानंद | कांग्रेस | 1,58,270 |
| 1952 | गंगा देवी | कांग्रेस | 1,23,427 |

# इंडिया गठबंधन का ट्रंप कार्ड बन सकते हैं वरुण

- अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य और वरुण को लोस चुनाव लड़ाने के दिए संकेत
- गांधी परिवार की परंपरागत सीट अमेठी से वरुण के पिता संजय गांधी भी चुनाव लड़ चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी नेतृत्व से स्वामी प्रसाद मौर्य ने भले नाराजगी जताकर अपनी अलग पार्टी बना ली हो पर अखिलेश यादव उनको लेकर 'सॉफ्ट कॉर्नर' रखते हैं। यही कारण है कि अखिलेश उनको अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाने की संभावनाओं से इंकार नहीं कर रहे। वहीं, सपा प्रमुख अगर वरुण गांधी को भी ट्रंपकार्ड बनाकर सामने ले आएं तो आश्चर्य न होगा।



दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा से टिकट देने के संकेत दिए हैं। इस दौरान अखिलेश ने वरुण गांधी को भी टिकट देने से इंकार नहीं किया।

अखिलेश ने स्वामी प्रसाद को टिकट देने पर उल्टा सवाल किया किया कि, क्या स्वामी प्रसाद कभी सपा छोड़कर गए थे? वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने स्वामी प्रसाद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तो वो बोले, हमारी कमेटी विचार कर रही होगी। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। उधर, स्वामी प्रसाद ने भी बीते दिनों अखिलेश को लेकर नर्म रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें अखिलेश से कुछ भी शिकायत नहीं है।

इस बीच दो कयास चर्चा में हैं। एक तो इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में वरुण गांधी के अमेठी या पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ने और दूसरा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव के भाजपा के टिकट पर मैनपुरी से चुनावी मैदान में आने की चर्चा है। दोनों के लेकर भाजपा-सपा नेताओं से सवाल भी पूछे जा रहे हैं।

### रामपुर में मो. आजम खां की चलेगी



**लखनऊ।** संकेत मिल रहे हैं कि समाजवादी पार्टी अपने घोषित कुछ प्रत्याशियों को बदलना चाहती है। वहीं मुरादाबाद और रामपुर संसदीय सीट के लिये उम्मीदवार तय करने में जेल में कैद आजम खान की सुनी जायेगी। उनकी इच्छा से ही प्रत्याशी तय किये जायेगें। हालांकि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन 20 मार्च यानि बुधवार से शुरू होंगे, पर अभी तक सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत के टिकट फाइनल नहीं किए हैं।

भाजपा प्रत्याशी पर टिकीं सबकी निगाहें

# हाईप्रोफाइल सीट सुलतानपुर में मेनका या फिर कोई और ...

## गठबंधन से सपा ने भीम निषाद को बनाया है उम्मीदवार, भाजपा की जारी दो सूची में मेनका गांधी का नाम न होने से मिल रही हवा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन तकरीबन अंतिम चरण में है। भाजपा की दो सूची में सांसद मेनका गांधी का नाम नहीं होने से सुलतानपुर लोकसभा सीट सर्वाधिक चर्चित सीटों में शुमार हो गई है। भाजपा के दावेदारों से लेकर अन्य दलों तक की निगाह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के रुख पर टिकी है। सब पर पल-पल भारी पड़ रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पूर्व में अमेठी का जिला मुख्यालय होने के कारण गांधी-नेहरू फैमिली की आमद-रफ्त यहां होती रही है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी तक नामांकन के लिए यहां आते रहे हैं। अमेठी से बिल्कुल सटी होने के कारण इसका खास रुतबा रहा। रायबरेली, अमेठी के साथ ही इस सीट के प्रत्याशी पर भी गांधी नेहरू परिवार ही अंतिम मुहर लगाता था। वरुण गांधी और मेनका गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के बाद सियासी लिहाज से यह सीट और अहम हो गयी। वर्तमान में मेनका संजय गांधी यहां से सांसद हैं, लेकिन मौजूदा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी चर्चा का विषय बनी है। नेपथ्य में इसकी वजह उनके पुत्र वरुण गांधी को माना जा रहा है। पिछले पांच सालों में उन्होंने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलकर पार्टी को असहज किया है। वरुण के रुख से भाजपा में ही मेनका गांधी के विरोधियों के साथ ही नए दावेदार भी टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोजनीनगर लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह, पिछली बार गठबंधन से बसपा उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रायबरेली के ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जिले के मूल निवासी प्रेम शुक्ला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पांडेय समेत कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। फिलहाल भाजपा यहां से अगर फिर जीतती है तो उसकी हैट्रिक के साथ ही एक नया रिकॉर्ड भी बनेगा।



मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी।

**दो बार भाजपा ने दर्ज की जीत**

| | |
|---|---|
| **2014** | |
| वरुण फिरोज गांधी भाजपा | 4,10,348 |
| पवन पांडेय बसपा | 2,31446 |
| शकील अहमद सपा | 2,28144 |
| अमिता सिंह कांग्रेस | 41,983 |
| **2019** | |
| मेनका संजय गांधी भाजपा | 4,58,196 |
| चंद्रभद्र सिंह सोनू बसपा | 4,44,670 |
| डॉक्टर संजय सिंह कांग्रेस | 41,681 |

**कब कौन बना सांसद**

| सन | विजयी प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | काजिम अली | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय (उप चुनाव) | निर्दलीय |
| 1962 | कुंवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1969 | श्रीपति मिश्र (उप चुनाव) | बीकेडी |
| 1971 | केदारनाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकार उल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करन सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रामसिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेंद्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जयभद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | मो. ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका संजय गांधी | भाजपा |

### सपा ने भीम निषाद पर लगाया दांव तो बसपा कर रही इंतजार

समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के फार्मूले के तहत सुलतानपुर लोकसभा सीट से भीम निषाद को प्रत्याशी घोषित कर इसमें सबसे आगे चल रही है। हालांकि, भीम निषाद मूलत: अंबेडकरनगर के निवासी है। यहां के लिए उनका सियासी सफर नया है। फिर भी इंडिया गठबंधन से सपा के टिकट पर निषादों का नेता माने जाने वाले भीम निषाद यहां कितना असर डाल पाएंगे, यह वक्त ही बताएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी की निगाह भी भाजपा के प्रत्याशी पर लगी है। माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही बसपा अपने पत्ते खोलेगी।

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल,** क्षेत्रीय अध्यक्ष




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव( सपा) | 2,55,693 |
| इटावा ( सु) | अशोक दोहरे ( भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया( सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव (सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक ( भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी ( भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी( बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी ( बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती ( भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव ( सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद ( सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र( भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल ( बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल ( बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अंजूबाला( भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत( बसपा) | 3,25,212 |

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत( भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल( बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा ( सु) | आरएसकठेरिया ( भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कठेरिया( सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक ( भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव( सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी ( भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल( कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले( भाजपा) | 5,81,282 | निशा सचान ( बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन( सु) | भानुप्रताप वर्मा( भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज( बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा( भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव ( सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल ( भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह ( बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता ( सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति ( भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा ( बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख( आंशिक) | अशोक रावत( भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी( बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर



यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर,** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय,** प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल,** पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।

आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53 .22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57 .15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020**
कुल मतदाता

**12,87,880**
पुरुष मतदाता

**11,12,024**
महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58 .84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58 .71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57 .40 प्रतिशत पुरुष, 56 .15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55 .28 प्रतिशत पुरुष और 55 .50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57 .77 फीसद पुरुष और 56 .95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरूद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल



2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

## भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

मुंबई, एजेंसी

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक




अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

### मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा-भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

# विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

- टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर



21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,100-50,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,750 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,750 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

### अडाणी ग्रीन एनर्जी ने अमेरिका में रिश्वतखोरी की जांच की बात मानी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की अधिकांश कंपनियों ने अमेरिका में रिश्वतखोरी के आरोप की जांच को लेकर नोटिस मिलने से इनकार किया है लेकिन समूह की ही नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी ने इस जांच से अवगत होने की बात कही है।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि एक असंबद्ध तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिकी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच से वह परिचित है। हालांकि, कंपनी ने कथित तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध होने से इनकार किया है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (2023-24) में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 9,14,469 करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी शामिल है। अग्रिम कर संग्रह 17 मार्च, 2024 तक 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 22.31 प्रतिशत अधिक है। कंपनियों से अग्रिम कर के तौर पर 6.73 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि व्यक्तिगत आयकरदाताओं का योगदान 2.39 लाख करोड़ रुपये है। इस बीच, चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये बैठता है। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 प्रतिशत अधिक है।

### बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात



को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### 1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया-गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

### नागपुर में बीबीए की छात्रा ने आत्महत्या की

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में 'बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)' की 19 वर्षीय छात्रा ने 'जंक फूड' खाने के लिए पिता द्वारा डांटे जाने के बाद घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान भूमिका विनोद धनवानी के तौर पर की गयी है, वह शहर के सिंधी कॉलोनी इलाके में रहती थी। प्रताप नगर पुलिस अधिकारी ने बताया-भूमिका बीबीए की छात्रा थी और उसे 'थायराइड' की समस्या थी। उसके पिता ने उसे 'जंक फूड' खाने के लिए डांटा था, जिससे परेशान होकर उसने रसोई में एक लंबे कपड़े का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली।

## तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

# जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

**पलक्कड़ (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

# दो अलग-अलग मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गए

गढ़चिरौली (महाराष्ट्र), एजेंसी

- गढ़चिरौली में 36 लाख के 4 इनामी और दंतेवाड़ा में महिला सहित 2 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गढ़चिरौली में आए हैं। गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई 'सी-60' के कई दलों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित कार्रवाई दल को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब 'सी-60' इकाई का एक दल रेपनपल्ली के समीप कोलामार्का पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तलाशी अभियान चला रहा था तो नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी ली गयी और चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इन चारों नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारी ने बताया कि उनके पास से एक एके-47 बंदूक, एक कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल, नक्सली साहित्य तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गमपुर गांव के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जब सुरक्षाबलों के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए, बाद में जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव, दो हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

## शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता



**नई दिल्ली, अमृत विचार:** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

## केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

**आरएसएस नेता की हत्या का मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

# राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
- अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव



चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया

चंडीगढ़, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में आठ मंत्री शामिल किए

हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां राजभवन में नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हिसार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गुप्ता ने संस्कृत में शपथ ली। वह पूर्ववर्ती मनोहर लाल मंत्रिमंडल में भी मंत्री थे। इसके बाद फरीदाबाद के बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल, महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी से विधायक अभय सिंह यादव, कुरुक्षेत्र के थानेसर से विधायक सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली। मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

# केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम



आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

### केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति से संबंधित कथित तौर पर धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर उन्हें जारी किए गए सभी नौ समन के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मौज जैन की पीठ इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वह पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी



• इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारत टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है: मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।



मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट



**होव, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### नागल ने मियामी ओपन में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी



पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि रोहित ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।



पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

### हसारंगा निलंबित, आईपीएल के शुरुआती मैचों में होने की उम्मीद



**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी की ओर से दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से निलंबित होने के बाद वानिंदु हसारंगा सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों में उपलब्ध हो सकते हैं। हसारंगा ने सफेद गेंद पर ध्यान देने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन मंगलवार को उन्होंने संन्यास वापसी कर ली थी। इस खिलाड़ी को दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की टीम में चुना गया। आईसीसी ने सूचित किया कि हसारंगा 8 'डिमैरिट अंक' की दहलीज पर पहुंच गए, जिन्हें आचार संहिता के अनुच्छेद 7.6 के अनुसार 4 निलंबन अंक में तब्दील कर दिया जो दो टेस्ट मैच या फिर चार वनडे और टी-20 में निलंबन के बराबर हैं। आईसीसी ने कहा कि हसारंगा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो मैच के दौरान अंपायरों के फैसले के प्रति नाराजगी दिखाने से जुड़ा है। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुए तीसरे वनडे के दौरान 37वें ओवर में हसारंगा ने मैदानी अंपायर के हाथ से अपनी कैप छीनी थी और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया था।

### फैसले के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू करेगा आईपीएल

**मुंबई।** आईपीएल में फैसलों में तेजी और सटीकता के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू होगी। टीवी अंपायर को 'हॉक आई' के दो ऑपरेटरों से सीधे इनपुट मिलेंगे जो उनके साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और 8 हाई-स्पीड कैमरों से ली गई फोटो से मदद करेंगे। इस प्रणाली के अंतर्गत टीवी प्रसारण निर्देशक की भूमिका गैर जरूरी होगी जो अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच सूचना आदान-प्रदान करने का काम करता रहा है। नई प्रणाली टीवी अंपायर को फोटो विश्लेषण का मौका प्रदान करेगी और हॉक आई ऑपरेटरों के साथ उनकी बातचीत का प्रसारण भी करेगी ताकि दर्शकों को फैसले की प्रक्रिया समझ आ जाए। इस प्रणाली से अंपायर को विभिन्न कोण से अधिक और स्पष्ट फोटो देखने में मदद मिलेगी, जिससे बाउंड्री के पास कैच, पीछे पकड़े कैच, पगबाधा, स्टंपिंग पर फैसला कर पाएंगे। बीसीसीआई के कार्यशाला में 15 अंपायर स्मार्ट रीप्ले प्रणाली का इस्तेमाल करेंगे।

## ऋषभ पंत बने दिल्ली के कप्तान

ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया गया। दिल्ली के अध्यक्ष और सह मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि हमें कप्तान के रूप में ऋषभ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम नए जोश और उत्साह के साथ सत्र का इंतजार कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल खेलने की मंजूरी दी थी। बोर्ड ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ऋषभ पंत को अब आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।

### मुंबई के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे सूर्यकुमार

**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव को एनसीए से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है, जिससे तय है कि वह 24 मार्च को गुजरात के खिलाफ मुंबई के मैच में नहीं खेल पाएंगे। सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटशेन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे। सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया, लेकिन इस खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है। सूर्यकुमार का गुरुवार को फिर एक बार आकलन होगा।

### कुशाग्र खेलने को बेताब



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### एक्शन को देखते हुए बुमराह को आराम की जरूरत: मैकग्रा



**चेन्नई, एजेंसी।** पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने चेताया कि जसप्रीत बुमराह को सत्र में ब्रेक की जरूरत है क्योंकि उनका एक्शन ऐसा है कि उनको और अधिक चोटें लग सकती हैं। बुमराह मार्च 2023 में पीठ की 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' की सर्जरी कराने के बाद और सितंबर 2022 से पहले भी वह खेल से दूर ही थे। मैकग्रा ने कहा कि बुमराह जैसे गेंदबाज को सत्र के बीच में आराम की जरूरत है क्योंकि वह प्रत्येक गेंद में काफी प्रयास करता है।

# लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी



लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बूते बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पांच पायदान की छलांग के साथ 13वें नंबर पर हैं। अल्मोड़ा के लक्ष्य बर्मिंघम में सेमीफाइनल तक पहुंचे और 15वें स्थान में सुधार करने में सफल रहे। अप्रैल में शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे। एचएस प्रणय पेरिस की दौड़ में नौवें नंबर पर हैं और सेन के भी कट में जगह बनाने की उम्मीद है। किदाम्बी श्रीकांत 27वें और प्रियांशु राजावत 32वें स्थान पर हैं। महिला एकल में पीवी सिंधू 11वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शीर्ष पर है जबकि अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो 20वें स्थान पर हैं। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं।

# विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।



इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं।

इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

## बॉलीवुड हलचल

# कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।

फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

# फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा



**मुंबई, एजेंसी।** जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

# हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

**मुंबई, एजेंसी**

**फर्जी मुठभेड़ मामला**

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला,13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ में मौत के मामले में मंगलवार को एनकाउंटर विशेषज्ञ व पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने कहा था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था।

### क्या है मामला

11 नवंबर, 2006 को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को पुलिस टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

# प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

# निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

*अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।*

### कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।



### कैसे बंद करें डीमैट खाता



पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी

### खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

## एक नजर

### अल-शिफा अस्पताल पर हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत

**गाजा।** गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल परिसर पर सोमवार तड़के इजराइली सेना की। छापेमारी के दौरान एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई, जबकि हमले में कई गाजावासी भी मारे गए हैं। आईडीएफ के अनुसार, इजराइली लोगों की मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है। वहीं हमास ने कहा- अल-शिफा अस्पताल में घुसपैठ कर रहे इजराइली बलों के साथ झड़पों में कई लड़ाकों की मौत हुई है। हमास ने कहा- सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जिससे मौतें हुईं। बता दें, आईडीएफ सैनिक गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑपरेशन कर रहे हैं। सेना ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5 .4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए।

### भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

### सर्जरी के बाद पहली बार केट व प्रिंस विलियम सार्वजनिक रूप से दिखे

**लंदन।** प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है, जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। मीडिया की खबर के मुताबिक बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया। सोमवार को एक छोटा क्लिप जारी किया जिसमें विलियम और केट को मुस्कराते हुए, हाथ में खरीदे गए सामान के थैले लेकर चलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में केट खुश दिख रही हैं। हालांकि, दोनों के केनसिंगटन पैलेस स्थित कार्यालय ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

## विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद



9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

### क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

### चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

# मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।



अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

# हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।



बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

**वायुसेना बनी दूत...**



लेह : खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

# पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।



उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

# अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

**कोलकाता, एजेंसी**

- **कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

# ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : उप राष्ट्रपति हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में



बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने कहा था कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है। साल 2021 में जब ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल में जबरन घुस आई थी।

**विज्ञान** लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

# मंगल पर 3 .1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।



मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

### मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

# एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए




दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।